



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 275 | ग्वालियर, बुधवार, 26 जुलाई 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### पाकिस्तान पहुंची अंजू ने किया निकाह इस्लाम कबूलकर अपना नाम रखा फातिमा



**नई दिल्ली।** फेसबुक फ्रेंड से मिलने भारत से पाकिस्तान गई अंजू के निकाह की खबर सामने आ रही है. भारतीय लड़की अंजू ने इसाई धर्म छोड़कर इस्लाम धर्म कबूल कर लिया और अपना नाम फातिमा रख लिया है. उसने पाकिस्तान की डिस्ट्रिक्ट कोर्ट डिर में अपने फ्रेंड नसरुल्लाह से शादी कर ली है. अंजू ने पहले कहा था कि वह अपने दोस्त से मिलने के लिए पाकिस्तान आई है और जल्द ही अपने वतन भारत वापस लौट आएगी. अंजू और नसरुल्लाह का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों एक साथ अपने प्यार का इजहार करते हुए नजर आ रहे हैं. राजस्थान की रहने वाली अंजू पाकिस्तान पहुंचते ही बार बार अपने बयान बदल रही है. पहले अंजू ने कहा था कि वह कुछ दिनों में नसरुल्लाह से सगाई कर लेगी, फिर उसने प्रेम संबंध की बात से इनकार कर दिया था और वीजा खत्म होते ही 20 अगस्त से पहले वतन लौटने की बात कही थी. इससे पहले उसने कहा था कि वह पाकिस्तान सिर्फ घूमने के लिए आई है और उसका निकाह करने का कोई प्लान नहीं है. आपको बता दें कि अंजू पहले से ही शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं. खबरों के अनुसार, उसने पाकिस्तान से नसरुल्लाह से दूसरी शादी कर ली है. साथ ही अंजू ने इस्लाम धर्म भी अपना लिया है और अपना नाम अंजू से बदलकर फातिमा रख लिया है. अंजू की नसरुल्लाह से साल 2019 में फेसबुक के माध्यम से दोस्ती हुई थी. नसरुल्लाह ने मीडिया से अंजू से प्यार की बात कबूल किया था और कहा था कि वह उससे शादी भी करना चाहता है, लेकिन ये सब अंजू पर निर्भर करता है. साथ ही उसने अंजू के साथ भारत जाने के लिए तैयार है.

### फिर चक्रवाती तूफान का बढ़ा खतरा 12 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट




**नई दिल्ली।** देशभर के कई राज्यों में मौसम का मिजाज लोगों के लिए मुश्किल का सबब बना हुआ है. कई राज्य ऐसे हैं जो भारी बारिश के बाद बाढ़ का दंश झेल रहे हैं तो कई इलाकों में अब भी बारिश ना होने से गर्मी और उमस ने जीना मुहाल कर दिया है. इस बीच एक और चक्रवाती तूफान का खतरा मंडराने लगा है. भारती मौसम विज्ञान विभाग की मानें तो इस चक्रवाती तूफान की जद में एक दो नहीं बल्कि 12 राज्य आ रहे हैं. यानी एक दर्जन राज्यों में भारी बारिश की आशंका बनी हुई है. ऐसे में एक बार फिर कई इलाकों में मुश्किल बढ़ा सकता है.

**मॉनसून की बढ़ रही रफ्तार**–मॉनसून की सुस्त पड़ी रफ्तार एक बार फिर बढ़ने वाली है. ऐसे में कुछ राज्यों के लिए अलर्ट रहने का वक्त है. क्योंकि भारी बारिश से हालात बिगड़ सकते हैं. बीते दिनों की गुजरात से लेकर दिल्ली, राजस्थान और कई राज्यों में भारी बारिश ने बाढ़ का रूप ले लिया था.

**बंगाल की खाड़ी में बन रहा निम्न दबाव**–बंगाल की खाड़ी में एक बार फिर निम्न दबाव का क्षेत्र बन रहा है. ये लो डिप्रेशन जल्द की एक चक्रवाती तूफान का रूप ले सकता है. ऐसे में 10 से 12 राज्यों में मॉनसून की गतिविधियां तेज होने के आसार हैं. यही नहीं तेज हवाएं भी चलेंगी तो परेशानी बढ़ा सकती हैं.

**इन राज्यों के लिए जारी हुआ अलर्ट**–चक्रवाती तूफान को लेकर मौसम विभाग ने खास अलर्ट जारी किया है. ये अलर्ट जिन राज्यों के लिए जारी किए गए हैं उनमें ओडिशा समेत तटीय राज्य प्रमुख रूप शामिल हैं. दक्षिण भारत की बात करें तो यहां आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी चक्रवाती तूफान का बड़ा असर देखने को मिल सकता है. इसके अलावा केरल, कर्नाटक के कुछ इलाके भी तूफान की जद में आ सकते हैं. इसके अलावा कोंकण, गोवा, महाराष्ट्र और गुजरात में भी जोरदार बारिश का अलर्ट है.

**हवाओं की रफ्तार भी बढ़ा सकती है मुश्किल**–मौसम विभाग की मानें तो भारी बारिश के साथ-साथ हवाओं की तेज गति भी कई इलाकों में मुश्किल खड़ी कर सकती है. इसकी बड़ी वजह भी चक्रवाती तूफान है. आईएमडी के मुताबिक इस बीच 60 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं. वहीं मौसम विभाग के अलर्ट के मुताबिक कुछ राज्यों में 64.5 मिमी से लेकर 204.4 मिमी तक बारिश होने के आसार हैं.

### उत्तरी वेस्ट बैंक के नब्लस शहर में 3 फिलिस्तीनियों की हत्या

**रामल्ला।** उत्तरी वेस्ट बैंक के नब्लस शहर में इजरायली सैनिकों ने मंगलवार को तीन फिलिस्तीनियों की हत्या कर दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने फिलिस्तीनी सुरक्षा बलों के हवाले से बताया कि इजरायली सैनिकों ने एक वाहन पर हमला किया और गोलीबारी की। इजरायली सैनिकों ने फिलिस्तीनी एम्बुलेंस को वाहन तक पहुंचने से रोका। इजरायली सेना के एक प्रवक्ता ने मीडिया को बताया कि नब्लस शहर के पास इजरायली सेना की चौकी पर गोलीबारी करने के बाद सैनिकों ने तीन सशस्त्र फिलिस्तीनियों को मार डाला। प्रवक्ता के मुताबिक, तीन आतंकवादी चौकी के पास एक इलाके में पहुंचे और वहां तैनात सैनिकों पर 100 मीटर की दूरी से गोलियां चला दीं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जनवरी के बाद से फिलिस्तीनियों द्वारा किए गए हमलों में 24 लोग मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश इजरायली हैं। जबकि बच्चों और महिलाओं सहित लगभग 200 फिलिस्तीनियों को इजरायली सैनिकों ने मार डाला है।

# पीएम नरेंद्र मोदी की इंडिया पर टिप्पणी के क्या हैं मायने, विपक्षी एकता पर उठे सवाल

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने विपक्षी एकता पर बड़ा हमला बोला है. उन्होंने कहा कि ऐसा दिशाहीन विपक्ष आज तक नहीं देखा गया है. पीएम ने विपक्ष की तुलना ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन मुजाहिदीन से की है. पीएम ने कहा कि इंडिया नाम रख लेने से नहीं हो जाता है. इस तरह से ईस्ट इंडिया कंपनी ने भी अपने नाम के आगे इंडिया जोड़ा था. पीएम ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से बिखरा हुआ है. वह हताश भी है.गौरतलब है कि बीते दिनों विपक्ष ने अपने गठबंधन को इंडिया नाम दिया है. 26 विपक्षी दलों ने इस पर अपनी सहमति जताई थी. इस नाम को लेकर विपक्ष का मत था कि इसमें देशभक्ति की झलक दिखाई देती हैं. इसे एनडीए की काट की तरह देखा जा रहा है. नाम को लेकर बीते दिनों बेंगलुरु में विपक्ष की बैठक में चर्चा भी हुई. अंत पर इसी नाम पर सहमति बन सकी.

पीएम के इस बयान ने इंडिया को देशभक्ति से जोड़ने को लेकर विपक्ष की रणनीति की हवा निकाल दी है. पीएम के बयान से साफ है कि



इंडिया का नाम रख लेने से जीत तय नहीं हो जाती है. विपक्ष की छवि ही जीत का रास्ता तय कर सकती है. 26 दलों के विपक्ष में कई मतभेद हैं. अभी तक विपक्ष का चेहरा भी तय नहीं हो सका है. एक तरफ ममता बनर्जी तो दूसरी तरफ नीतीश कुमार के नाम के चर्चे हैं. वहीं कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने इससे इनकार कर दिया है. ऐसे में सवाल उठता है कि इस संगठन की छवि को सुधारने के लिए विपक्ष को और क्या-क्या करना होगा.

**इंडिया के नाम पर दर्ज कराई थी आपत्ति**–गौरतलब है कि बीते दिनों विपक्षी गठबंधन का नाम रखने पर आपत्ति दर्ज कराई गई थी. मामला थाने तक पहुंच गया. दिल्ली के बाराखंबा पुलिस स्टेशन में इसे लेकर शिकायत भी दर्ज करवाई गई थी. इस पर कहा गया कि नाम रखना श्वद्वङ्घद्यद्बद्बह्य ष्ह्ल का उल्लंघन है. इस एक्ट में कहा गया है कि कोई भी अपने निजी लाभ को लेकर इंडिया नाम का उपयोग नहीं कर सकता है. इससे लोगों की भावना आहत होती है.

## प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी से कहा इंडिया पर इतनी नकारात्मकता क्यों



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पलटवार किया और उनसे इंडिया को लेकर इतनी नकारात्मकता के बारे में सवाल किया और कहा कि देश मणिपुर हिंसा पर उनसे सुनना चाहता है। प्रियंका गांधी ने हिंदी में एक ट्वीट में कहा, प्रधानमंत्री जी, इतनी नकारात्मकता क्यों इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल एलायंस (इंडिया) के मूल में संविधान की भावना है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, देश के युवाओं को रोजगार, जनता को महंगाई से राहत, हर वर्ग की खुशहाली, किसानों-मजदूरों की भलाई, महिलाओं को सुरक्षा और सहायता, देश में एकता, प्रेम और शांति का एक सकारात्मक एजेंडा है। सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, राजनीति के चलते इंडिया के प्रति नकारात्मक और अपमानजनक रुख अपना रखा है। बार-बार इसके साथ नकारात्मक मायने जोड़ना आपके पद की गरिमा के प्रति उचित नहीं है। देश के लोग नकारात्मक नहीं, सकारात्मक राजनीति चाहते हैं। संसद में मणिपुर पर देश आपकी बात सुनना चाहता है। देश महंगाई और बेरोजगारी पर जवाब चाहता है। उनकी यह टिप्पणी प्रधानमंत्री द्वारा मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक के दौरान यह कहने के बाद आई है कि ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन नेशनल कांग्रेस को अंग्रेजों ने बनाया था। बीजेपी संसदीय दल की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि संसदीय दल की बैठक में सांसदों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडिया नाम में एक अजीब संयोग है। उन्होंने कहा, उन्होंने (मोदी) कहा कि ईस्ट इंडिया कंपनी और इंडियन नेशनल कांग्रेस को अंग्रेजों ने बनाया था। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री ने ये बी कहा कि इंडियन मुजाहिदीन की स्थापना आतंकवादियों ने की और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया जैसे संगठन में भी इंडिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने आज तक ऐसा दिशाहीन विपक्ष नहीं देखा है।

## मणिपुर हिंसा बीजेपी की विभाजनकारी राजनीति का नतीजा : डी. राजा

**चेन्नई-** सीपीआई महासचिव डी. राजा ने मंगलवार को कहा कि मणिपुर में जो हिंसा देखी जा रही है, वह आरएसएस विचारधारा द्वारा संचालित भाजपा की विभाजनकारी राजनीति का नतीजा है। वरिष्ठ सीपीआई नेता ने कहा कि भाजपा पूरे देश में डबल इंजन सरकार की बात करती है, लेकिन मणिपुर में हिंसा के लिए वही डबल इंजन सरकार जिम्मेदार है। भाजपा मणिपुर के प्राकृतिक संसाधनों को लूटने के लिए कॉर्पोरेट क्षेत्र के साथ सांठगांठ करना चाहती थी, इसीलिए उसने हिंसा भड़काई है। डी. राजा ने चेन्नई में सीपीआई मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा,



ऐसी आशंकाएं हैं कि कॉर्पोरेट क्षेत्र द्वारा मणिपुर के प्राकृतिक संसाधनों को लूटने की योजना बनाई जा रही है और इन आरोपों में गौतम अदाणी का नाम भी सामने आ रहा है। डी. राजा ने कहा कि मणिपुर में हिंसा मानवता के खिलाफ है और उन्होंने इसके लिए डबल इंजन सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कभी भी मणिपुर की घटना की निंदा नहीं की जहां महिलाओं को नग्न घुमाया गया और उनके साथ कथित रूप से बलात्कार किया गया। सीपीआई नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आम तौर पर मणिपुर में कानून-व्यवस्था की स्थिति के बारे में बात की। इसके अलावा डी. राजा ने आगे कहा कि देश में विपक्षी दलों का आदर्श वाक्य भाजपा हटाओ, देश बचाओ है और कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों का लक्ष्य भाजपा को सत्ता से बाहर करना और भारत बचाना होगा।

## मप्र में स्वतंत्रता दिवस पर रिहा होंगे 182 बंदी, दुष्कर्म के आरोपियों को राहत नहीं

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 182 बंदियों की सशर्त रिहाई की जा रही है। वहीं, दुष्कर्म के किसी भी आरोपी की रिहाई नहीं होगी। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर 182 बंदी रिहा हो रहे



हैं। ऐसे बंदी जिनकी सजा के विरुद्ध अपील लंबित है, उनको अपील के निराकरण के उपरांत रिहाई की पात्रता होगी। जिन्हें जुर्माना से दण्डित किया गया है, वे जुर्माना राशि 15 अगस्त तक जमा कर देते हैं, तो उन्हें रिहाई की पात्रता होगी। जिन्हें किसी अन्य प्रकरण में सजा भुगतना शेष है, उन्हें शेष सजा भुगतने हेतु रोका जायेगा। जिन्हें किसी अन्य प्रकरण में जमानत प्राप्त नहीं हुई है, उन्हें विचाराधीन बंदी के रूप में रोका जायेगा। गृह मंत्री ने आगे बताया कि यदि कोई बंदी अन्य राज्य के प्रकरण में दण्डित किया गया है तो वह संबंधित राज्य में स्थानान्तरित किया जायेगा। 15 गैर-आजीवन कारावास के बंदियों को सजा में छूट दी जा रही है। प्रदेश की महिलाओं एवं बच्चियों की सुरक्षा को देखते हुए दुष्कर्म के किसी भी प्रकरण में सजा माफी नहीं दी जा रही है।

## विरुधुनगर में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, दो की मौत

*चेन्नई। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में मंगलवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में दो मजदूरों की मौत हो गई। विरुधुनगर पुलिस और अग्निशमन एवं बचाव सेवाएं मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मजदूरों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। विरुधुनगर जिले में शिवकाशी दक्षिण भारत की पटाखा राजधानी है। इंडस्ट्री में आठ लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं और इसका सालाना कारोबार 6,000 करोड़ रुपये है।*

## हत्या के मामले में जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह ने मांगी इच्छामृत्यु

**धनबाद।** जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह अब जीना नहीं चाहते। उन्होंने अदालत से इच्छामृत्यु की इजाजत देने की गुहार लगाई है। उन्होंने अदालत को दिए गए दरख्वास्त में कहा है कि वह बुरी तरह बीमार हैं। लेकिन, सरकार उनका उचित इलाज नहीं होने देना चाहती। ऐसी स्थिति में वह अपने लिए मौत चाहते हैं। संजीव सिंह 60 से 80 के दशक में धनबाद के माफिया किंग कहे जाने वाले सूरजदेव सिंह के पुत्र हैं। उन पर अपने चचेरे भाई और धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या का आरोप है। इस मामले में वह पिछले पांच साल से भी ज्यादा वक्त से जेल में बंद हैं। पिछले 11 जुलाई को वह जेल में कुर्सी से गिरकर जख्मी हो गए थे। उनका इलाज धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमसीएच) में चल रहा है। संजीव सिंह ने अदालत से इच्छामृत्यु की गुहार तो लगाई ही है, उन्होंने मृत्यु के बाद अपने अंगों को दान करने की भी इच्छा जताई है। संजीव सिंह के वकील मोहम्मद जावेद ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट



सेशन कोर्ट में यह अपील दायर की गयी है। बता दें कि सोमवार को संजीव के बेहतर इलाज के लिए सुपर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल भेजे जाने के आवेदन पर अदालत में सुनवाई हुई थी। सुनवाई के दौरान जेल प्रशासन ने संजीव सिंह की स्वास्थ्य संबंधी रिपोर्ट सौंपी थी। इस पर अदालत ने आदेश सुरक्षित रखा है। इसके पूर्व 22 जुलाई को अदालत में एसएनएमसीएच एवं मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी धनबाद के कार्यालय द्वारा रिपोर्ट पेश की गई थी। इसमें संजीव सिंह को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची भेजे जाने की अनुशंसा की गई थी। संजीव सिंह रिम्स के बजाय बाहर में किसी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अपने खर्च पर इलाज कराना चाहते हैं। उनके अधिवक्ता का कहना है कि यदि समय पर ठीक ढंग से इलाज की सुविधा नहीं मिली तो किसी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।

## छंगतु वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए चरम पर भारतीय खिलाड़ियों का जोश

**बीजिंग।** ओलंपिक के बाद सबसे बड़े खेलों में शुमार विश्वविद्यालय खेलों का आग़ाज़ हो चुका है। 31वें स्नद्घस् समर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स की मशाल रिले 10 जून को चीन की राजधानी बीजिंग में शुरू हुई। इस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स का आयोजन 28 जुलाई को दक्षिण पश्चिम चीन के सिछ्वान प्रांत के छंगतु शहर में होगा। इसी कड़ी में ब्राजीलियाई प्रतिनिधिमंडल के सात अधिकारी पिछले सोमवार को विदेशी मेहमानों के पहले बैच के रूप में दक्षिण-पश्चिम चीन के छंगतु थ्यानफू अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। वर्तमान में दुनिया भर से खेल प्रतिनिधिमंडल एक के बाद एक छंगतु पहुंच रहे हैं।

यहां मौजूद फेंनह्वांगशान स्पोर्ट्स पार्क एक अतिरिक्त-बड़े वर्ग का स्थल है, जो 119,705 वर्ग मीटर के फर्श क्षेत्र को कवर करता है। इसमें एक पेशेवर फुटबॉल स्टेडियम है जो स्नद्घस्न की आवश्यकताओं को पूरा करता है। व्यापक व्यायामशाला है जो ह्क्षक्के मानकों को पूरा करती है। ध्वनि अवशोषक उपकरण ग्रैंडस्टैंड की ऊपरी सतह के साथ-साथ व्यापक व्यायामशाला के मैदान की दीवार पर प्रदान किए गए हैं, ताकि आयोजन स्थल शोर को अवशोषित करते हुए सर्वोत्तम ध्वनि अनुभव सुनिश्चित कर सके। अब अगर हम इसकी भव्यता की बात करें तो आप ये जान कर चकित हो जाएंगे कि 18,000 दर्शकों की क्षमता के साथ, फेंनह्वांगशान स्पोर्ट्स पार्क स्नद्घस् यूनिवर्सिटी गेम्स के दौरान बास्केटबॉल कार्यक्रम आयोजित करेगा। ये तो हुई खेल गांव की बात, आइये आपको इससे जुड़ी और




महत्वपूर्ण जानकारी देते हैं। खेलों के इस महाकुंभ में यूक्रेन, तुर्किये, अमेरिका, जापान, चीन के साथ भारत भी हिस्सा लेगा। भारत के कई युवा खिलाड़ी भी इस खेल में हिस्सा लेने के लिये कड़ी मेहनत कर रहे हैं, ऐसे ही कुछ युवा खिलाड़ियों से हमने बात की और उनकी राय जानने की कोशिश की। भारत के ओडिशा प्रदेश की रहने वाली छात्रा प्रत्याशा राय, जो स्विमिंग की खिलाड़ी हैं, का कहना है कि ÷आने वाले खेलों को लेकर मैं बहुत उत्साहित हूं, मैं खुशनसीब हूं जो मुझे इस खेल में अपना प्रदर्शन करने का मौक़ा मिला, इसके लिए मैंने बहुत मेहनत की है। मुझे पहली बार चीन जाने का मौक़ा मिला है, मैं बहुत उत्साहित हूं। मैं वहां समय निकालकर घूमना चाहती हूं, वहां के लोगों से दोस्ती करना चाहती हूं। वहीं, ओडिशा के ही रहने वाले 21 वर्षीय कबीर हंस, जो लॉन टेनिस के खिलाड़ी हैं, का मानना है कि ÷भले ही पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों (भारत-चीन) के संबंध कुछ अच्छे नहीं रहे हों, परंतु खेल एक ऐसा सांस्कृतिक पुल है, जिसपर चलकर हम ये दुनिया मिटा सकते हैं। उनका कहना है कि भारत-चीन एशिया के दो सबसे बड़े देश हैं और अगर यह साथ मिलकर चलें तो भविष्य में विश्व को और ही आकार दे सकते हैं। इन युवा खिलाड़ियों में न सिर्फ़ खेल के प्रति जोश और लगन है, बल्कि इनका मानना है कि भारत-चीन दोनों देश साथ मिलकर काम करें और आगे बढ़ें। इस तरह के खेलों का आयोजन होना बहुत आवश्यक है, ऐसे समय में जब विश्व महामारी और युद्ध संकट से जूझ रहा है, यह खेल ही है जो एक-दूसरे को परस्पर साथ लाते हैं और खेल भावना का शानदार उदाहरण प्रस्तुत करते हुए मित्रता के संबंधों को मज़बूती प्रदान करते हैं। विश्व यूनिवर्सिटी खेल नई पीढ़ी के युवा खिलाड़ियों को नये मौक़े प्रदान करता है, जिससे वह भविष्य के और बड़े खेलों के लिये तैयारी करने में सहायता करता है। आशा है यह खेल शांतिपूर्ण तरीक़े से समाप्त हो, और विश्व में नये कीर्तिमान स्थापित करने में सफल हों।

# लाड़ली बहना योजना में अधिकारियों की मन मर्जी से बहना हो रही है परेशान

**पुष्पांजली टुडे**
**फईम शीवानी**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा लाडली बहना योजना में सभी बहनों को लाभ मिलेगा इस योजना में जो बहनों के फॉर्म रह गए थे



वो आज दिनांक 25.07.23 सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर भरे जा रहे है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बहनाओ को जागरूक करने की जगह वापस लौटा दिया जा रहा है की फॉर्म भरने की उम्र 21से 23 बर्ष ही है आंगनबाड़ी केंद्रों पर बैठे अधिकारी वा कर्मचारी योजना की सही जानकारी बहानाओ को नही दे पा रहे है जबकि योजना में पहले 23 से कम उम्र की बहनों के फॉर्म नही भरे जा रहे थे वो अब भरे जा सकते है इस बात की घोषणा श्री शिवराज सिंह जी ने की है आंगनबाड़ी केंद्रों पर फॉर्म भरवा रहे कर्मचारी गलत जानकारी बहानाओ को दे रहे है आंगनबाड़ी केंद्रों पर आज सुबह से ही न खुश नजर आ रही बहनाओ द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को कोसा जा रहा है

माननीय मुख्यमंत्री जी ने हर बहना को लाभ मिले इस लिए योजना को बढ़ाया और पुनः चालू कराया ताकि जो बहना रह गई है उन्हे लाभ मिल सके। परंतु अधिकारियों की मन मर्जी के चलते बहनाओं को परेशान होना पड़ रहा है अधिकारियों से जब पूछा गया की जो उम्र का दायरा तय किया गया है उसका आदेश आप लोगो ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर चस्पा क्यों नही किया तो अधिकारी कल परसों की बोल कर बाते बनाने लगे। योजना का लाभ सबको मिले यही प्रयास मुख्यमंत्री जी का है। सभी को लाभ मिले इस बात का ध्यान अधिकारियों को भी रखना है इस लिए उन्हें हर आंगनबाड़ी केंद्रों पर सही जानकारी और महिला जागरूकता पर ध्यान देना होगा।



## वार्ड क्रमांक 15 में नगर परिषद द्वारा टोडी रोड़ पर पुलिया निर्माण कार्य नहीं किया पूर्ण

**चाचौड़ा से योगेश शर्मा**

वार्ड क्रमांक 15 में सड़क एवं पुलिया का निर्माण कार्य किया जा रहा है सड़क का निर्माण कार्य किया जा चुका है लगभग एक माह से पुलिया बनाने हेतु खुदाई की गई थी लेकिन अभी तक पुलिया का निर्माण कार्य नहीं किया गया जिसकी वजह से आम नागरिकों एवं ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर गुजारना पड़ रहा है नगर परिषद इससे बेखबर है अगर समय रहते निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया गया तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना को नकारा नहीं जा सकता

# सांसद डॉ.के.पी.यादव ने मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में दिखाई सक्रियता

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**




**शिवपुरी**-सांसद डॉ.के.पी.यादव संसद में चल रहे मानसून सत्र को लेकर सक्रियता से विभिन्न मंत्रालयों से जड़े जनहित के मुद्दों को उठा रहे हैं। इसी तारतम्य में श्री यादव द्वारा 24 जुलाई को कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय तथा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से विभिन्न प्रश्न पूछ कर जानकारी मांगी। जिस पर संबंधित मंत्रालयों के मंत्रीगणों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के विधिवत उत्तर प्रदान किए।गौरतलब है कि सांसद डॉ.के.पी.यादव प्रत्येक लोकसभा सत्र में जनता से जु? लोकहित के मुद्दों को पुरजोर तरीके से संसद में उठाते आए हैं। विगत दिनों जारी संसदीय प्रावीण्य सूची में गुना-शिवपुरी-अशोकनगर सांसद डॉ.के.पी.यादव सबसे सक्रिय 100 सांसदों में शामिल रहे है। जो उनकी सक्रियता व जनता की मूल समस्या के विषय में सरकार का ध्यान आकर्षण कराने का प्रमाण है।

## भारतीय जनता पार्टी कोर कमेटी की बैठक हुई संपन्न पूर्व विधायक ममता मीना द्वारा किया आभार व्यक्त




**चाचौड़ा से योगेश शर्मा की रिपोर्ट**

बीनागंज में चाचौड़ा विधानसभा की कोर कमेटी में पूर्व विधायक श्रीमती ममता मीणा हुई सम्मिलित प्रेस वार्ता के दौरान चाचौड़ा विधानसभा प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री शैलेंद्र शर्मा जी के द्वारा पूर्व विधायक ममता मीणा के कार्यकाल सन 2013 से सन 2018 में हुए विकास कार्यों की प्रशंसा की गई पूर्व विधायक ममता मीना द्वारा चाचौड़ा विधानसभा प्रभारी शैलेंद्र शर्मा जी को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया इस बैठक में जिला प्रभारी डॉ गोपाल आचार्य भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार सहित मंडल अध्यक्ष एवं जिला मंडल अधिकारी पदाधिकारी एवं वरिष्ठ बीजेपी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**मतदाता सूचियों में जिन भी व्यक्तियों के नाम शेष है उनका नाम शीघ्र जोड़े एसडी एमशाह**

# जिन मतदान केंद्रों पर लिंगानुपात कम है वहां घर घर जाकर सम्पर्क कर सुधार करें

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर,।** अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं निर्वाचन रिटर्निंग ऑफिसर अरविंद शाह तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार एस एस गुर्जर द्वारा आज 25 जुलाई मंगलबार को पिछोर विधानसभा 26 के समस्त बीएलओ का प्रशिक्षण सरस्वती शिशु मंदिर पिछोर मे लिया गया। प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम शाह द्वारा समस्त बीएलओ को बताया गया कि बीएलओऐप में इस बार एक नई व्यवस्था की गई है जिसमें प्रत्येक परिवार के जीरो से लेकर अंत तक सदस्यों की संख्या दर्ज करना है तथा डोर टू डोर सर्वे में सरनेम के लिए शेष बचे हुए मतदाताओं के सरनेम अंकित करना है तथा जिस परिवार ने 6 से अधिक मतदाता उसका भौतिक सत्यापन कर वास्तविक मतदाताओं के अनुसार उस परिवार का विभाजन भी करना है। इसके साथ ही 1 अक्टूबर 2005 तक जन्म लेने वाले जो व्यक्ति मतदाता सूची में दर्ज होने से शेष रहे हो, उनको तथा नवविवाहिताओं का शत-प्रतिशत नामांकन करना है।आयोग ने इस बार 80 प्लस तथा दिव्यांग मतदाताओं को उनके



घर से ही मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई है ,इसलिए ऐसे मतदाताओं को बीएलओ ऐप के माध्यम से फ्लेग आपके द्वारा शत-प्रतिशत किया जाना है। इसके साथ साथ किसी के भी नाम को काटने से पूर्व उसको नोटिस देने की कार्यवाही पूर्ण कर सुनवाई का अवसर अवश्य दिया जाना है।उसके बाद ही उसके नाम काटने की कार्यवाही की जाए।तथा किसी भी वीआईपी वोटर का मतदाता सूची से नाम नहीं कटना चाहिए और उनको बीएलओ ऐप के माध्यम से फ्लैग करने की भी कार्यवाही की जायेगी। मतदाता सूची में सभी पात्र मतदाताओं को जोड़ने एवं मृत मतदाताओं को विलोपित करने तथा मतदाता सूची को शुद्ध करने का आप लोगों के पास यह अंतिम अवसर है। इसके साथ साथ पिछोर तहसीलदार एसएस गुर्जर द्वारा प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को जानकारी देते हुए बताया कि 2 अगस्त से 31 अगस्त तक मतदाता सूची के अद्यतन का कार्य किया जाना है।इसलिए 2 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची का समस्त मतदान केंद्रों पर प्रकाशन होगा तथा 3अगस्त से 10 अगस्त तक मतदान केंद्र के क्षेत्र में विभिन्न विभिन्न स्तरों पर मतदाता सूची का सेक्टर अधिकारी की उपस्थिति में वाचन किया जाएगा ,जिनमतदान केंद्रों का लिंगानुपात कम है वह बीएलओ लिंगानुपात सुधार के लिए घर-घर जाकर संपर्क करें तथा सभी पात्र महिलाओं के नाम जोड़ने की कार्रवाई शीघ्र ही करें।एवं बीएलओ के द्वारा अप्रैल-मई माह में सरनेम जोड़ने का कार्य बहुत ही न्यून रहा था उनको भी यह अंतिम अवसर है कि वह इस कार्य को शत-प्रतिशत करने का प्रयास करें। इसके साथ ही निर्वाचन सुपरवाइजर हरिदास त्रिपाठी भी बीएलओ के प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित थे।

# बेटे पर लगे झूठे आरोपो की निष्पक्ष जांच कराने के लिए तीन नाबालिक बच्चो को लेकर एस पी आफिस पंहुची बुजुर्ग महिला

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-खबर एस पी आफिस से मिल रही है जहां एक मां अपने बेटे पर लगे झूठे आरोपों की निष्पक्ष जांच करने के लिए शिकायत लेकर पहुंची है। महिला अपने बेटे के तीनों नाबालिक बच्चों को लेकर पहुंची थी, महिला ने बताया है कि बेटी की शादी हो चुकी थी लेकिन किसी कारण से उसकी पत्नि की मौत हो गई है अब में ही उसके बच्चों का पालन पोषण करती हूँ। लेकिन अब मेरे बेटे पर गांव की ही रहने वाली एक महिला ने मेरे बेटे पर झूठा 376 का मामला दर्ज करवा दिया है में इसकी निष्पक्ष जांच करना चाहती हूँ।जानकारी के अनुसार ग्राम मोहनी कॉलोनी नरवर की रहने वाली प्रेमबाई परिहार पति मातादीन परिहार हाल निवासी ग्राम पनघटा नवोदय विद्यालय के पास नरवर तहसील व थाना नरवर ने बताया है कि मेरे पास में निवास करने वाली महिला मधु उर्फ ममता वरार पति कल्याण बरार द्वारा मुझे और मेरे परिवार के सदस्यों को आये दिन मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान प्रताड़ित किया जा रहा है साथ ही मेरे पुत्र पर पुलिस थाना नरवर में गलत तथ्यों के आधार पर झूठा धारा 376 का प्रकरण दर्ज करवा दिया है में चाहती हूँ की उसकी निष्पक्ष जांच हो, जब तक जांच नहीं की जाती तब तक मेरे बेटे की गिरफ्तारी न की जाए, इस महिला ने कई लोगों पर झूठा मामला दर्ज करवा रखा है।

**इस महिला के खिलाफ नरवर थाने में भी मामला दर्ज है**-पुलिस थाना नरवर में दिनांक 8.03.2021 को रजनी पनि नरेन्द्र उर्फ सोनू बाथम, आयु 30 वर्ष ने रिपोर्ट की थी, जिसका प्रकरण करैरा न्यायालय में प्रकरण चलाया। क्योंकि आरोपी महिला मधु उर्फ ममता बरार, बहन लक्ष्मी, भाई भरत बरार तीनो ने मिलकर गंदी गंदी गालियां दी थी, और पटक पटकर



कर मारा था। व उक्त महिला ने रजनी के पेट पर लात मारी थीं, जिससे उसके पेट में पल रहा बच्चा पेट में ही मर गया। जिसका प्रकरण पुलिस थाना करैरा में पंजीबद्ध हुआ था। जो न्यायालय में विचाराधीन है।

**महिला के द्वारा टावर पर चढ़कर जान देने की कि थी कोशिश-** महिला मधु उर्फ ममता वरार के द्वारा नवोदय विद्यालय के पास स्थित टावर पर चडकर दिनांक 18.07.2023 को जान देने की कोशिश की गई थी महिला का कहना था कि में जितेंद्र से प्यार करती हू उसको बुलाये तभी में नीचे उतरूगी जिसके बाद नरवर पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुँच कर किसी तरह से महिला को टावर से नीचे उतारा थाप्रेम बाई ने बताया की यह महिला इस प्रकार के कार्य करने की आधी हैं,व टॉवर पर इसलिए चढ़ी थी, कि वह मेरे पुत्र जितेन्द्र को बुलाने की बोल रही थीं। जबकि मेरे पुत्र का उक्त महिला से कोई संबंध नहीं था। और अवैध बसूली करने के उद्देश्य से उसको परेशान कर रही थी, एवं इसके द्वारा प्रशासन से टॉवर से नीचे उतरकर पांच लाख रुपये या दो बीघा जमीन की मांग की थी,

# जिले में अभी तक 350.26 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**शिवपुरी,** शिवपुरी जिले में 01 जून 2023 से अभी तक 350.26 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 333.60 मि.मी.औसत वर्षा हुई थी।भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी.है। गत वर्ष जिले में कुल 1208.98 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। उन्होंने बताया कि अभी तक शिवपुरी में 468.80 मि.मी., बैराड़ में 171 मि.मी., पोहरी में 372.50 मि.मी., नरवर में 340 मि.मी., करैरा में 303.30 मि.मी., पिछोर में 395 मि.मी., कोलारस 296.80 मि.मी., बदरवास में 455.90 मि.मी. तथा खनियाधाना में 352 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।



**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**सतना**

**सतना।** रामपुर बाघेलान थाना क्षेत्र कोलुहा ग्राम निवासी 13 वर्षीय बालक स्कूल से छुट्टी होने के बाद अपने दोस्तों के साथ नहर में नहाने गया था, इस दौरान वह नहर में डूब गया, मामले की सूचना मिलते ही एसडीईआरएफ टीम मौके पर पहुंची, और करीब डेढ़ घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बच्चे के शव को घटना स्थल से करीब 2 सौ मीटर दूरी पर बरामद हुआ।

# राज्य ई-स्पोर्टस जूनियर चेंपियनशिप 1 से 10 अगस्त तक अनिल कुशवाह

**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** प्रदेश में देश के पहले ई-स्पोर्टस अकादमी के टेलेंट सर्च के लिये होने वाले ई-स्पोर्टस जूनियर चेंपियनशिप में युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक लगभग 28 हजार से ज्यादा युवाओं ने पंजीयन कराया है। यह चेंपियनशिप 1 से 10 अगस्त तक होगी। युवाओं का उत्साह देखते हुए विभाग द्वारा पंजीयन की अंतिम तिथि को 25 जुलाई से ब?ा कर 27 जुलाई कर दिया गया है। युवा ई-स्पोर्टस एथीलिटों को इस चेंपियनशिप में उनकी रेंकिंग के आधार पर अकादमी में प्रवेश मिलेगा। प्रदेश के युवाओं के लिये 80 प्रतिशत सीट तथा राज्य के बाहर के युवाओं के लिये 20 प्रतिशत सीट निर्धारित है। चयनित युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले गेम्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अकादमी में युवा ई-स्पोर्टस एथलीट को चेंपियन गेमर्स बनने के प्रशिक्षण के साथ ही कंटेन्ट क्रिएटर, कास्टर्स, टूर्नामेंट ऑपरेटर्स, कोडर्स, डाटा एनालिस्ट, गेम डेव्हलपर्स आदि के रूप में केरियर बनाने का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में युवाओं की आकांक्षाओं के अनुरूप ही नीतियाँ बनाई गई हैं। भारत लगभग 630 मिलियन गेमर्स के साथ वैश्विक रूप से ई-स्पोर्टस पॉवर हाउस बनने के लिये तैयार है। प्रदेश में स्थापित होने वाली देश की पहली अकादमी होगी, जिसमें युवाओं को विभिन्न गेमिंग के प्रशिक्षण के साथ शिक्षा भी दी जाएगी। इससे युवा न सिर्फ पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रौशन करेंगे बल्कि वे अपना पेशेवर केरियर भी बना सकेंगे।

**चेंपियनशिप का प्रारूप**-ई-स्पोर्टस जूनियर चेंपियनशिप में 12 से 17 वर्ष के युवा लिंक पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। युवा 2 केटेगरी में ओपन और प्रोफेशनल में सहभागिता कर सकते हैं। युवा टीम के रूप में अथवा व्यक्तिगत स्पर्धा के लिये अपना पंजीयन करा सकते हैं। युवाओं को एसएमएस अथवा व्हाटसएप पर पंजीयन की जानकारी दी जाएगी। व्यक्तिगत पंजीकृत युवाओं को समूह में तथा टीम को स्वतंत्र एंट्री दी जाएगी। अकादमी के चयनित खिलाड़ियों का नाम चेंपियनशिप खत्म होने के 2 सप्ताह के बाद घोषित किया जाएगा।


# लाडली बहना योजना में अधिकारियों की मन मर्जी से बहना हो रही है परेशान

**पुष्पांजली टुडे**
**फईम शीवानी**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह द्वारा लाडली बहना योजना में सभी बहनों को लाभ मिलेगा इस योजना में जो बहनों के फॉर्म रह गए थे वो आज दिनांक 25.07.23 सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर भरे जा रहे है आंगनबाड़ी केंद्रों पर बहनाओ को जागरूक करने की जगह वापस लौटा दिया जा रहा है की फॉर्म भरने की उम्र 21से 23 बर्ष ही है आंगनबाड़ी केंद्रों पर बैठे अधिकारी वा कर्मचारी योजना की सही जानकारी बहानाओ को नही दे पा रहे है जबकि योजना में पहले 23 से कम उम्र की बहनों के फॉर्म नही भरे जा रहे थे वो अब भरे जा सकते है इस बात की घोषणा श्री शिवराज सिंह जी ने की है आंगनबाड़ी केंद्रों पर फॉर्म भरवा रहे कर्मचारी गलत जानकारी बहानाओ को दे रहे है आंगनबाड़ी केंद्रों पर आज सुबह से ही न खुश नजर आ रही बहनाओ द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को कोसा जा रहा है माननीय मुख्यमंत्री जी ने हर बहना को लाभ मिले इस लिए योजना को बढ़ाया और पुनः चालू कराया ताकि जो बहना रह गई है उन्हे लाभ मिल सके।परंतु अधिकारियों की मन मर्जी के चलते बहनाओं को परेशान होना पड़ रहा है अधिकारियों से जब पूछा गया की जो उम्र का दायरा तय किया गया है उसका आदेश आप लोगो ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर चस्पा क्यों नही किया तो अधिकारी कल परसों की बोल कर बाते बनाने लगे।योजना का लाभ सबको मिले यही प्रयास मुख्यमंत्री जी का है सभी को लाभ मिले इस बात का ध्यान अधिकारियों को भी रखना है इस लिए उन्हें हर आंगनबाड़ी केंद्रों पर सही जानकारी और महिला जागरूकता पर ध्यान देना होगा।




**बजरिया वार्ड नंबर 8 में लगाया शिविर**

# पंडित मनु मिश्रा के नेतृत्व में भरवाये नारी सम्मान योजना के आवेदन




**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनु मिश्रा के नेतृत्व प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ की महिला सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण योजनाके अंतर्गत बजरिया वार्ड नंबर 8में नारी सम्मान योजना के आवेदन भरवाये गये।जिला शहर अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा ने कहा कमलनाथ सरकार बनते हीं 100 यूनिट बिजली माफ,500 रूपये में गैस टंकी और 1500 रूपए बैंक खाते में आएंगे, साथ ही उन्होंने बजरिया वार्ड नंबर 8 में श्मशान घाट के पास झुग्गी बस्ती में रहने वाली महिलाओं के नारी सम्मान योजना के आवेदन भरने का कार्य भी उनके द्वारा किया गया,उन्होंने लगभग 300 महिलाओं के फॉर्म कैंप लगवा कर भरे, जिसमें सबसे पहले वार्ड में स्टीकर लगने का कार्य किया गया। इस कार्यक्रम में किसान कांग्रेस अध्यक्ष नितिन मिश्रा, जिला कांग्रेस के महामंत्री समीम कुरेशी, शेरू कछवाहा, खिल्लू ठाकुर, पिंकी खरारे, शबाना, जरीना, मुन्ना वंशकार आदि कांग्रेसी कार्यकर्ताओ कि उपस्थिति रही।

# श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस पर किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की सुंदर कथा श्रोताओं को श्रवण करायी

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** शर्मा परिवार राजा पटना बैंक के कथा ब्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने कथा के समापन दिवस पर श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र की सभी महत्वपूर्ण गाथाओं का वर्णन किया। किशोरी जी ने कहा कि हमें अपने जीवन का प्रत्येक पल ईश्वर भक्ति में व्यतीत करना चाहिए,हमें हर सांस में ईश्वर का नाम लेना चाहिए, एक भी सांस व्यर्थ नहीं जाना चाहिए।भक्त सुदामा ने श्री कृष्ण के बालपन में अपनी आयु व्यतीत की सौभाग्य से उनके सहपाठी बनें। समय के परिवर्तन में सुदामा ने अपने परिवार को गरीबी में पाला और श्री कृष्ण द्वारकाधीश बने। पत्नी के बार- बार कहने पर अपने मित्र श्री कृष्ण जी को मिलने गये। सुदामा इतने निर्धन थे कि उन्होंने पत्नी द्वारा लोगों से मांग कर लाए गए दो मुट्ठी चावल द्वारकाधीश को भेंट करने के लिए साथ ले चले। सुदामा



पूछते हुए राजमहल गए और किसी ने श्री कृष्ण का मित्र होने का विश्वास नहीं किया। एक द्वारपाल ने द्वारकाधीश को सूचित किया। इतना सुनते ही श्री कृष्ण मित्र सुदामा-सुदामा कहते हुए दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण अपने रथ पर बिठाकर सुदामा को राज भवन लाए और उनका मान सम्मान किया।

**मित्रता करनी है तो कृष्ण और सुदामा की तरह करो**-उन्होंने कहा कि सच्चा मित्र वहीं है जो अपने मित्र को निस्वार्थ भाव से प्यार करे और विपत्ति आने पर उसकी सहायता करे।। मुख्य यजमान श्रीमती भागवती हरिराम शर्मा ,,श्रीमति कलावती बालकृष्ण शर्मा ,श्रीमति सविता धर्मेंद्र शर्मा ,श्रीमति नंदनी वीरेंद्र शर्मा ,श्रीमती राखी प्रमोद शर्मा ,स्नेहा ,पीयूष , नमन , आदित्य, वैदिक ,शर्मा परिवार ने सभी धर्म प्रेमी जन से अपील की है बुधवार को भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।। आमचोपरा सरपंच जयपाल यादव, मनीष तिवारी ,परसू चौबे ,मनीष सोनी एवम बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों एवं धर्मप्रेमी जनों ने कथा श्रवण की।

# तालाब की मेड़ टूटने से डूब क्षेत्र में आए ग्रामों के ग्रामीणों से मिलने पहुंचें जबेरा विधायक

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जबेरा विधानसभा के जनपद तेंदूखेड़ा के पौड़ी जलाशय की तालाब की मेड़ टूटने से ग्राम पौड़ी और जैतगढ के सभी मकानों में पानी भर गया मकान क्षतिग्रस्त हो गए लोगों का खाने का सामान पानी में बह गया सूचना मिलने पर जबेरा विधायक ने पहुंचकर ग्रामों का हाल देखा आर्थिक हानि सहित लोगों की रोजमर्रा के सामान की क्षति हुई है जिससे लोगों के घरो में खाने की व्यवस्था नहीं थी जिसके लिए विधायक ने कलेक्टर एवं प्रशासन को निर्देश दिया एवं तुरंत सर्वे कराकर मुआवजा राशि उपलब्ध कराने कि बात रखी। ग्रामीणों को तत्काल में भोजन की व्यवस्था और राशन की व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया तथा विद्युत व्यवस्था मैं जो खंभे गिर गए हैं उनको खड़ा कर ट्रांसफार्मरों को ठीक करा कर विद्युत व्यवस्था को सुचारू करने के लिए निर्देश दिए। जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि यह बहुत बड़ी आर्थिक रूप से हानि है लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है विधायक नें कहाँ इस विपदा कि घ?ी में आप लोगों कि समस्या हल कराने के लिए प्रयासरत हूं कि आप सभी लोगों को भोजन सहित मुआवाजे की सुविधा उपलब्ध कराई जाए और सभी ग्रामीण जनों के साथ मुसीबत के समय ख?ा हूं और हर संभव मदद करने का प्रयास कर रहा हूं।



# भगवान घमंडी के घमंड जरूर तोड़ते है फिर वह उनके सेवक सुदर्शन चक्र गरूण और पत्नी सत्यभामा ही क्यों ना हो - आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** देव श्री श्यामलाधीश प्यासी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा आयोजित रायपुर करैया में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छटवे दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने गरूण सत्यभामा सुदर्शन चक्र के अहंकार को दूर करने के लिए हनुमान जी को बुलवाया था श्रीकृष्ण भगवान द्वारका में रानी सत्यभामा के साथ सिंहासन पर विराजमान थे, निकट ही गरुड़ और सुदर्शन चक्र भी बैठे हुए थे तीनों के चेहरे पर दिव्य तेज झलक रहा था बातों ही बातों में रानी सत्यभामा ने श्रीकृष्ण से पूछा कि हे प्रभु, आपने त्रेता युग में राम के रूप में अवतार लिया था, सीता आपकी पत्नी थीं। क्या वे मुझसे भी ज्यादा सुंदर थीं द्वारकाधीश समझ गए कि सत्यभामा को अपने रूप का अभिमान हो गया है तभी गरुड़ ने कहा कि भगवान क्या दुनिया में मुझसे भी ज्यादा तेज गति से कोई उड़ सकता है इधर सुदर्शन चक्र से भी रहा नहीं गया और वह भी कह उठे कि भगवान, मैंने बड़े-बड़े युद्धों में आपको विजयश्री दिलवाई है क्या संसार में मुझसे भी शक्तिशाली कोई है भगवान मंद मंद मुस्कुरा रहे थे। वे जान रहे थे कि उनके इन तीनों भक्तों को अहंकार हो गया है और इनका अहंकार नष्ट होने का समय आ गया है ऐसा सोचकर उन्होंने गरुड़ से कहा कि हे गरुड़ तुम हनुमान के पास जाओ और कहना कि भगवान राम, माता सीता के साथ उनकी प्रतीक्षा कर रहे हैं गरुड़ भगवान की आज्ञा लेकर हनुमान को लाने चले गए इधर श्रीकृष्ण ने सत्यभामा से कहा कि देवी आप सीता के रूप में तैयार हो जाएं और स्वयं द्वारकाधीश ने राम का रूप धारण कर लिया मधुसूदन ने सुदर्शन चक्र को आज्ञा देते हुए कहा कि तुम महल के प्रवेश द्वार पर पहरा दो और ध्यान रहे कि मेरी आज्ञा के बिना महल में कोई प्रवेश न करे भगवान की आज्ञा पाकर चक्र महल के प्रवेश द्वार पर तैनात हो गए वे भगवान की लीला समझ रहे थे तीनों की आंख से आंसू बहने लगे और वे भगवान के चरणों में झुक गए।

# कलेक्टर मयंक अग्रवाल रात में पौड़ी गांव पुलिस अधीक्षक के साथ मौके पर पहुँचे स्थल का लिया जायजा



**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने बताया कल शाम तेंदूखेड़ा में तारादेही के पास पौड़ी जलाशय से लीकेज की खबर मिली थी, जिस पर तत्काल प्रभाव से एस.डी.एम., थाना प्रभारी और कार्यपालन यंत्री जल संसाधन वहां पर गए क्योंकि पानी के रिसाव को रोका जाना संभव नहीं था, उसका आकलन किया गया सबसे पहले वहां के आस-पास के गांव जो डूब क्षेत्र में आ सकते थे, उनको एसडीआरएफ, पुलिस और रेवेन्यू की टीम के माध्यम से रात में ही खाली करा दिया गया था। उन्होंने बताया जलाशय प्रातः लगभग 5 बजे टूटा था, जिसमें किसी भी प्रकार से पशुधन एवं जनहानि नहीं हुई है, खेतों में फसलों का कुछ नुकसान हुआ है और कुछ मकानों में पानी भरा है जिसका सर्वे कराया जा रहा है, जिसमें आर.बी.सी. 6-4 के प्रावधानों के अनुसार उसका मुआवजा भी दिया जायेगा। उन्होंने बताया स्वास्थ्य विभाग और पशुपालन विभाग एवं विद्युत विभाग की टीम वहीं पर है। लोगों को अनाज वितरित किया गया है और जब तक लोग स्वयं खाना नहीं बना पा रहे हैं, उन्हें पका हुआ खाना भी दिया जा रहा है। कलेक्टर मयंक अग्रवाल रात में ही पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के साथ मौके पर पहुंचे, जयजा लिया और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। इस संबंध में एसडीएम अविनाश रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिलते ही वह गांव पर पहुंचे, गांव खाली करा लिया गया था, जलाशय का रिसाव बढ़ता गया। उन्होंने बताया मकानों एवं फसलों का सर्वे प्रारंभ कर दिया गया है, प्रभावित परिवारों को भोजन दिया जा रहा है और इन परिवारों को राशन भी मुहैया कराया गया है।

# नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने दी भजन सामग्री



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। सिविल वार्ड 6 रहवासी जिनकी बहुत दिनों से यह मांग थी कि उन्हें भजन गीत गाने के लिये भजन सामग्री की आवश्यकता है जिसके लिये नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विक्रम ठाकुर ने विधायक से आग्रह किया कि उक्त सामग्री इन महिलाओं के समूह को दिया जाये। मंगलवार को इन महिलाओ को विधायक कार्यालय में कांग्रेसजनों की उपस्थिति में उक्त सामग्री ढोलक, हारमोनियम, झूला सहित भजन सामग्री प्रदाय की गई। सामग्री मिलते ही महिलाओं ने विधायक कार्यालय में भजनो की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर राजेश बेलु त्रिवेदी, आशीष पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, बृजेश पटेल, भूपेन्द्र आजमानी, वीरेन्द्र पटेल, अजय सरवरिया, अरूण मिश्रा, गजराज सिंह, डेलन काछी, कैलाश राय सहित कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# आयुष्मान भारत हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर निष्टिगुड़ा पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष कहा स्वास्थ्य सेवा सर्वोपरि धर्म-भागीरथी मांझी

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**देवभोग-** विकासखंड देवभोग के अंतर्गत आयुष्मान भारत हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर निष्टिगुड़ा के मितानिनो का मासिक बैठक भागीरथी माझी पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष,वर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष भागीरथी माझी जिसमें सेंटर के अधीनस्थ मितानिनो और द्वारा काफी सक्रियता के साथ अपना दायित्व का निर्वहन करते पाया गया। मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित भागीरथी मांझी ने कहा कि केंद्र सरकार की महती योजना से ग्रामीणों को संजीवन



का लाभ मिल रहा है। यद्यपि हमारे क्षेत्र प्रदूषण मुक्त है,फिर भी हमें सजग रहने की जरूरत है स्वास्थ्य सेवा ही मानवता की सर्वोपरि धर्म है,उनको निभाना हम सबकी जिम्मेदारी है बरसात के मौसम में अनेक प्रकार के मौसमी बीमार की संभावना रहती है, उनसे निपटने का सबसे सरल इकाई स्थानीय मितानिनो पर निहित होता है। जो गांव मोहल्ले में अपना सेवा दे रही है,खासकर इस क्षेत्र में एनीमिया खून की कमी जैसे गर्भवती महिलाओं के लिए समस्या रहती थी,उसे मितानीनो के जरिए जागरूक किया जा रहा है। सिरप,गोली,टेबलेट देकर घातक बीमारी से जच्चा- बच्चा को स्वास्थ्य एवं सुरक्षित रखने कार्य किया जा रहा है। जो सराहनीय है क्षेत्र में आई फ्लू जैसी बीमारी भी फैल रहा है उनसे सुरक्षित एवं सावधान रहने की जरूरत है इस बैठक में नरेंद्र सिदार ॥.ङ्क.ष्ट. मंजूरी यादव रूञ्ज. मितानिन कंतुना सोनवानी,हेमांगिनी नागेश,ललिता नायक,सुभद्रा नेताम,तिलमनी जगत,कमला नेताम, दिनेशवरी ध्रुव,मनलोभा कश्यप,दिव्यलता मरकाम, अजीत यादव उपस्थित थे।

# विधायक पुजारी सहित भाजपा नेताओं ने किया आश्रम और विद्यालयों का निरीक्षण,आश्रम में बच्चों को परोसे गए सूखे भोजन को देखकर विधायक बिफरे

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



मैनपुर क्षेत्रीय विधायक डमरुधर पुजारी ने सोमवार को कालीमाटी के बालिका छात्रावास सहित विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया,इस दौरान भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हलमन सिंह ध्रुवा,भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी भी मौजूद रहे।कालीमाटी के आदिवासी बालिका छात्रावास में निरीक्षण के दौरान बच्चों को खिलाए जा रहे भोजन के गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया और बच्चों की थाली को में सिर्फ़ सूखा चावल देख विधायक भड़क गए और बच्चों के के भोजन के साथ हो रही इस लापरवाही के लिए सहायक आयुक्त सहित ज़िम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाई।आश्रम के बच्चों के साथ बैठकर चर्चा भी की और पढ़ाई के सम्बंध में बच्चों से सवाल भी पूछे।ध्रुवागुड़ी के प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय में बन रहे अतिरिक्त कक्षों के निर्माण कार्य की गति धीमी होने पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को फ़ोन कर फटकार लगाई।

# ज्ञानकुंज फेस-3 के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कांसा एवं खलीपुर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया

**पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**गुजरात।** शिक्षकों-छात्रों की सीखने-सिखाने की प्रक्रिया में कक्षा अन्तरक्रियाशीलता को बढ़ाना, प्रौद्योगिकी के माध्यम से सीखने, सिखाने और मूल्यांकन प्रक्रिया में सुधार करना कक्षा में प्रौद्योगिकी के माध्यम से पाठ्यक्रम की प्रत्येक इकाई की आसान व्याख्या प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षा के माध्यम से गुजरात के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम बनाए गए हैं।कांसा प्राइमरी स्कूल और खलीपुर प्राइमरी स्कूल में सरस्वती तालुका के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया था, जिसमें तजग्नश्री नीलेशभाई श्रीमाली भाटसन पे सेंटर स्कूल, दिलीपसिंह गोहिल वामैया प्राइमरी स्कूल, निकुंजभाई पटेल वायड प्राइमरी स्कूल और आशुतोषभाई नायक खारेड़ा प्राइमरी स्कूल द्वारा सभी मुद्दों की व्यापक व्यावहारिक समझ दी गई थी।सभी शिक्षकों को प्रेरित करने और मार्गदर्शन करने के लिए सरस्वती तालुक के बीआरसी श्री दिलीपभाई नाई विशेष रूप से उपस्थित थे, जबकि तालुका एमआईएस दिलीपभाई भाखरिया भी उपस्थित थे और शिक्षकों के प्रश्नों को सरल शैली में समझाया गया। कांसा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक और ओढवा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा आवश्यक सुविधाएं प्रदान की गईं, जबकि ओढवा सीआरसी प्रजनेशभाई व्यास द्वारा सुंदर व्यवस्थाएं की गईं।





# बिरसिंहपुर - कोटर मुख्य सड़क मार्ग पर चक्का जाम करने वाले 4 नाम दर्ज आरोपियों सहित 45 अन्य महिला एवं पुरुष आरोपियों के विरुद्ध मामला हुआ दर्ज।

**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**बिरसिंहपुर सतना**

**सतना** - जिले के सभापुर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर कस्बे में बीते दिन सड़क हादसे में युवक की मौत होने मामले पर पुलिस द्वारा विधि संगत कार्यवाही किए जाने के बावजूद मृतक के परिजनों एवं अन्य लोगों द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर जबरन चक्का जाम कर अवस्थाएं फैलाई गई मौके पर मौजूद बिरसिंहपुर तहसीलदार अजीत तिवारी एवं सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा एवं अन्य पुलिसकर्मियों कि समझाइस के बावजूद भी आरोपियों द्वारा लगभग 3 घंटे तक सड़क पर धरना देकर चक्का जाम करते हुए बिरसिंहपुर से कोटर एवं सतना की ओर जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग को बाधित किया गया, लगभग 3 घंटे तक चले चक्का जाम के जाम में फंसे लोग परेशान होते रहे मामले पर पुलिस में 4 नाम दर्ज आरोपियों समेत 45 अन्य महिला एवं पुरुष के विरुद्ध धारा 341 एवं 34 के तहत मामला दर्ज कर मौके पर बनाए गए फोटो - वीडियो से अन्य आरोपियों की पहचान कर कार्यवाही की जा रही है। 3 घंटे तक जाम के झाम में फंसे रहे श्रद्धालु, आमजन को भी हुई काफी परेशानी। वर्तमान समय में पुरुषोत्तम महीने का पर्व चल रहा है इन दिनों नगर में स्थित गैवीनाथ शिव मंदिर में शिव जलाभिषेक करने श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचते हैं दूरदराज से आने वाले श्रद्धालु चक्का जाम के झाम में



फंस कर परेशान होते रहे तो कुछ बसों से उतर कर 02 किलोमीटर पैदल चल कर पहुचे । मेला व्यवस्था छोड़ चक्का जाम खुलवाने पहुंचे अधिकारी - कर्मचारी जिला मुख्यालय से भी बुलाया गया बल पुरुषोत्तम मास के सोमवार के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु शिव जलाभिषेक करने नगर में स्थित गैबी नाथ शिव मंदिर पहुंच रहे थे सुबह के 5ः00 बजे से शिव जलाभिषेक करने लगातार श्रद्धालुओं की कतार लगी हुई थी बिरसिंहपुर तहसीलदार अजीत तिवारी एवं सभापुर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मंदिर परिसर में तैनात थे, इसी दौरान सड़क हादसे की सूचना थाना प्रभारी को मिली तो मौके पर टीम भेजकर दुर्घटना ग्रसित युवक को अस्पताल पहुंचाया गया और जब चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया तो उसे पोस्टमार्टम हेतु मर्चुरी भेज दिया गया, बावजूद मृतक के परिजनों एवं अन्य लोगों द्वारा किए गए चक्का जाम की सूचना मिलने पर मंदिर व्यवस्था में तैनात तहसीलदार एवं थाना प्रभारी समेत पुलिस बल को मंदिर व्यवस्था छोड़कर चक्का जाम खुलवाने जाना पड़ा और लगभग 03 घंटे तक कड़ी मशक्कत करना पड़ा इन तीन घंटों में मंदिर की मेला व्यवस्था भी प्रभावित हुई, मामले पर नजर बनाए जिला पुलिस कप्तान आशुतोष गुप्ता ने इतिहास के तौर पर आसपास के थानों एवं जिला मुख्यालय से सुपर थर्टी की पुलिस टीम को भी घटनास्थल के लिए रवाना किया था।

# महिलाओं द्वारा हरियाली तीज का त्यौहार मनाते हुए मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गई



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** अटेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भोनपुरा में महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरोज जोशी के द्वारा हरियाली तीज का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया जिसमें मेहंदी प्रतियोगिता के तहत कमल का फूल बना कर बनाकर सभी बहनों को भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा चलाई जा रही लाडली बहना योजना एवं महिलाओं से संबंधित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बहनों से अवगत कराया और सभी बहनों के सात सावन की गीत मल्हार गा कर झूले का आनंद उठाया,साथ? ही,मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश की बहनों के लाडले भैया शिवराज सिंह चौहान लाडली बहना योजना चलाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम का संचालन ममता शर्मा बरही ने किया। मुख्य अतिथि महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरोज जोशी रही विशिष्ट अतिथि के रुप में ज्योति सुदर्शन बौहरे रही कार्यक्रम की आयोजक सुमन भदोरिया,भोनपुरा के साथ संगीता देवी, सुमन भदोरिया, माधुरी भदोरिया विजय कुमारी भदोरिया,आशा भदोरिया,आशा भदौरिया,ममता भदोरिया,ओम श्री भदौरिया,ममता शाक्य,बेबी शाक्य, नीलम भदोरिया,राजपथ भदोरिया, रेखा भदोरिया,सुमन भदोरिया,गायत्री देवी,नेहा भदोरिया,अनीता भदोरिया, विमला भदोरिया रेखा भदोरिया,ममता देवी,शारदा भदोरिया,भोली देवी,बीनू बघेल,भारतीय बघेल,भारती बघेल, ज्योति भदोरिया,कृष्णा भदोरिया, कुसुमा भदोरिया,माया भदोरिया सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही ।

## संपादकीय

# 'हम भारत के लोग'

26 जनवरी 1950 को जब बाबा साहेब अम्बेडकर के लिखे संविधान को भारत के लोगों ने अपनाया तो इसका विरोध भारत के धार्मिक कट्टरपंथियों ने इस आधार पर किया कि यह संविधान प्रत्येक धर्म, जाति, सम्प्रदाय, वर्ग, समुदाय, क्षेत्र व लिंग के व्यक्ति को एक समान अधिकार देता था तथा समाज के दबे–कुचले व पिछड़े और उपेक्षित वर्गों को ऊपर उठाने के लिए सरकारों को विशेष अधिकार भी प्रदान करता था। इसके साथ ही भारत के आम व सामान्य व्यक्ति में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए सरकारी प्रयासों की वकालत भी करता था। समाज में बराबरी स्थापित करने के लिए वैज्ञानिक सोच का जागृत होना बहुत जरूरी होता है। क्योंकि केवल यही सोच ही रूढियों व कुरीतियों में फंसे समाज को इंसानियत की राह पर ले जा सकती है। इसीलिए मानवता या इंसानियत को भारतीय संविधान का मूलाधार भी माना जाता है। दुनिया के इस सबसे बड़े लिखित संविधान को भारत के लोगों ने अपनाया तो लक्ष्य स्पष्ट था कि आदमी–आदमी में किसी प्रकार का भेदभाव उसके जन्म या धर्म अथवा जाति के आधार पर नहीं किया जा सकता परन्तु भारतीय समाज को आधुनिक व वैज्ञानिक बनाने की अन्तिम जिम्मेदारी राजनैतिक समाज पर ही थी क्योंकि भारत की लोकतान्त्रिक प्रणाली के तहत राजनैतिक समाज ही सत्ता में आकर देश के लोगों के लिए सामाजिक–आर्थिक नीतियों का निर्माण कर सकता था। अतः यदि हम स्वतन्त्रता से लेकर अब तक के राजनैतिक समाज के चरित्र का विश्लेषणा करें तो पायेंगे कि देश में जिस स्तर के राजनैतिक चरित्र के लोग सत्ता में रहे उसी स्तर पर भारत के आम लोगों का सामाजिक चरित्र भी रहा। राजनैतिक स्तर का सीधा प्रभाव किसी भी लोकतान्त्रिक देश के समाज पर पड़े बिना नहीं रह सकता। इस तथ्य को केवल एक उदाहरण से समझाया जा सकता है कि 'भ्रष्टाचार की गंगा कभी नीचे से ऊपर की तरफ नहीं बहती बल्कि वह ऊपर से नीचे की तरफ बहती है'। भारतीय संस्कृति की गांवों में प्रचिलित लोकोक्ति 'यथा राजादृतथा प्रजा' का मतलब भी मोटी भाषा में यही निकलता है। अतः आजादी के बाद से अब तक हमारी राजनीति में जो गिरावट दर्ज हुई है उसी का अक्स हम समाज में देख रहे हैं। इसका एक मतलब बिल्कुल स्पष्ट है कि कभी भी समाज राजनैतिक चरित्र को नहीं गढ़ता है बल्कि राजनीति समाज के चरित्र को गढ़ती है। लोकतन्त्र में व्यक्ति के जन्म से लेकर मरण तक की सारी क्रियाएं व गतिविधियां राजनीतिक प्रशासनिक ढांचे से ही संचालित होती हैं अतः राजनैतिक चरित्र के स्तर का व्यक्ति के जीवन में सर्वाधिक महत्व होता है। यह न तो मार्क्सवाद का सिद्धान्त है और न किसी पश्चिमी दार्शनिक की स्थापना बल्कि पूर्ण रुपेण और विशुद्ध रूप से भारतीय गांधी वादी दृष्टि है जिसने भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति दिला कर भारत को संविधान देने तक का काम किया। इस सन्दर्भ में यह उल्लेख करना बहुत जरूरी है कि गांधी जी जब स्वतन्त्रता की लड़ाई लड़ रहे थे तो उनके संघर्ष के कई साल केवल हिन्दू समाज में हरिजनों व आदिवासियों की स्थितियों को सुधारने में ही बीते और इस दौरान उन पर कट्टरपंथी वर्ण व्यवस्था के हिमायती तबकों द्वारा जानलेवा हमले भी किये गये। जब भारत का संविधान बन रहा था तो डा. भीमराव अम्बेडकर दलितों या हरिजनों की सामाजिक स्थिति को लेकर बहुत चिन्तित थे। मगर संविधान सभा में एक व्यक्ति ऐसा भी था जो भारत के आदिवासियों की स्थिति के बारे में सबसे ज्यादा चिन्तित था। उस व्यक्ति का नाम कैप्टन जयपाल सिंह था। वह झारखंड के छोटा नागपुर इलाके के आदिवासी थे और हाकी के प्रसिद्ध खिलाड़ी थे। लन्दन में उनकी पढ़ाई–लिखाई भी हुई थी जो ईसाई मिशनरी की मदद से हुई थी। वह भारतीय हाकी टीम के कप्तान द्वितीय विश्व युद्ध के काल के समय बने मगर तब लगातार कई वर्ष ओलम्पिक खेल ही नहीं हुए थे जिससे वह इस खेल में भारतीय हाकी टीम की कप्तानी नहीं कर सके मगर उनके साथ कैप्टन जुड़ गया। संविधान सभा के सदस्य के रूप में जब डा. अम्बेडकर दलितों के लिए आरक्षण की व्यवस्था कर रहे थे तो कैप्टन जयपाल सिंह ने आदिवासियों का सवाल उठाया और बताया कि जंगलों और अपनी परंपराओं को मानने वाले ये लोग ही मूलतः भारत के मूल निवासी हैं जिनकी डोर 'सिन्धु घाटी की सभ्यता' से जुड़ी हुई है। कैप्टन जयपाल सिंह ने संविधान सभा में अपने तार्किक व तथ्यपूर्ण भाषा के माध्यम से यह सिद्ध किया कि भारत के मूल आदिवासी निवासियों के साथ होने वाले अन्याय की अवधि हरिजनों के साथ होने वाले अन्याय से भी लम्बी है जिसकी वजह से उन्हें जंगलों में जाकर अपनी जीवन शैली व संस्कृति की रक्षा करने को मजबूर होना पड़ा और खुद को कथित सभ्य कहने वाले समाज के लोगों ने उनके साथ क्रूरतम व्यवहार किया। अतः हरिजनों के साथ स्वतन्त्र भारत में इस समाज के लोगों को भी आरक्षण दिया जाये और उनकी संस्कृति को जीवित रखने के लिए संविधान में समुचित व्यवस्था की जाये। इसके बाद दलितों के साथ आदिवासियों को भी आरक्षण देने की व्यवस्था दी गई और संविधान में पांचवीं व छठी अनुसूचि बना कर आदिवासी संस्कृति को सुरक्षित रखने व उनके विकास के लिए राज्यपालों की मार्फत सीधे केन्द्र को सक्षम बनाया गया। तब इन सूचियों को यहां तक कहा गया कि यह संविधान के भीतर संविधान है । यदि हम केवल संविधान की ही बाते करें तो मणिपुर से लेकर देश के जिन–जिन राज्यों में भी आदिवासी रहते हैं उन सभी को पूरी सुरक्षा व बराबरी का दर्जा देने की पुख्ता व्यवस्था हमारे पुरखे करके गये हैं। इसलिए जरूरी है कि हम केवल संविधान का शासन ही पूरे देश में सख्ती से लागू करें और समाज के विकास की राह उजागर करें। 'हम भारत के लोग' ही यदि तय कर लें कि संविधान ही हमारा धर्म है तो राजनीति का स्तर तो खुद सुधर जायेगा।

# तेज रफ्तार का कहर

**आदित्य नारायण**

*भारत तेज रफ्तार का शिकार हो रहा है। कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता है जिस दिन देश के किसी न किसी भाग में हादसा न हुआ हो, जिसमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़ता है। सड़क हादसों से जुड़ी खबरों पर विमर्श होना बहुत जरूरी है।*


अक्सर लोग कहते हैं कि जिन्दगी हादसों का ही सफर है। हादसे कभी भी किसी भी समय हो सकते हैं। देश में जिस तरह से भयंकर सड़क हादसे हो रहे हैं उससे तो यही लगता है कि हादसों का शिकार होने की बजाय हादसों से बचना ही जीवन है। भारत तेज रफ्तार का शिकार हो रहा है। कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता है जिस दिन देश के किसी न किसी भाग में हादसा न हुआ हो, जिसमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़ता है। सड़क हादसों से जुड़ी खबरों पर विमर्श होना बहुत जरूरी है। खबर है कि अहमदाबाद के इस्कान घब्रिज पर भयंकर सड़क हादसा हुआ। सड़क पर पहले से ही एक थार और डम्पर के बीच दुर्घटना हुई उसे देखने के लिए लोग वहां जमा हो गए थे। उसी समय तेज रफ्तार से आ रही जगुआर कार ने वहां खड़े लोगों को कुचल दिया। हादसे में दो पुलिस कांस्टेबलों समेत 9 लोगों की मौत हो गई। जगुआर कार की स्पीड 160 किलोमीटर प्रति घंटा थी। दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि पुल पर खड़े लोग तीस–तीस फीट दूर जा गिरे। हिट एंड रन के मामले पहले भी हो चुके हैं। जब अमीर मां–बाप के बेटों ने तेज रफ्तार से कार चलाते हुए पटरी पर सो रहे लोगों को कुचल घ्डाला था। कभी शराब के नशे में धुत्त लोगों ने राहगीरों को मौत के आगोश में सुला दिया। लेकिन दुर्घटना को देखने जमा हुए लोग दुर्घटना का शिकार हो गए, यह अपने आप में पहला मामला है। अब सवाल यह है कि इन हादसों को रोका कैसे जाए। ट्रैफिक नियमों की अनदेखी हमारे समाज में आम बात हो चुकी है। रात को तो ट्रैफिक नियमों का कोई अर्थ नहीं रह जाता। सड़क दुर्घटनाओं की दो बड़ी वजह यही है कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाना। दुनिया भर में यह मशहूर है कि भारतीयों को ट्रैफिक सैंस नहीं है। भारत सड़क दुर्घटनाओं के मामले में पहले स्थान पर है। अमेरिका और चीन भी हम से पीछे हैं। शराब पीकर वाहन चलाना देश में जन्मसिद्ध अधिकार जैसा माने जाना लगा है। भारत में सड़क हादसों के आंकड़े बताते हैं कि देश में वर्ष 2021 में सड़क दुर्घटनाओं में 1.55 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई। यह आंकड़ा औसत 426 लोग प्रतिदिन या हर घंटे 18 लोगों का है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार पिछले साल देश में 4.03 लाख सड़क दुर्घटनाओं में मौतों के अलावा 3.71 लाख लोग घायल भी हुए। देश में दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक रोड एक्सीडेंट के मामले 2020 में 3,64,796 से बढ़कर 2021 में 4,03,116 हो गए। मौतों में 16.8 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। 2020 में 1,33,201 और 2021 में 1,55,622 लोगों ने सड़क हादसे में अपनी जान गंवाई है। साथ ही 2021 में प्रति हजार वाहनों की मौत दर 2020 में 0.45 से बढ़कर 2021 में 0.53 हो गई है। विश्लेषण से पता चलता है कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं तेज गति के कारण हुई हैं। देश में मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया संशोधन 1 सितंबर 2019 से लागू हुआ था। इसका मकसद देश में सड़क पर यातायात को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों में लोगों की मौत की संख्या को कम करना था। भारत में होने वाले सड़क हादसे में करीब 26 फीसदी खतरनाक या लापरवाह ड्राइविंग या ओवरटेकिंग की वजह से होते हैं। कोविड–19 महामारी की रोकथाम के लिए देशभर में लॉकडाउन लगाया गया था। उससे सड़क हादसों में लगभग बीस हजार लोगों की जान बचायी गईं। किसी युवा या परिवार का पालन–पोषण करने वाले व्यक्ति का किसी हादसे में चले जाना परिवारों को कितना भारी पड़ता होगा, इसका अहसास दूसरे लोगों को नहीं है। राज्य सरकारों को मृतकों के परिवारों और घायलों को मुआवजा भी देना पड़ता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि देश में शानदार राजमार्ग बन चुके हैं। एक्सप्रैस–वे और अन्य सम्पर्क सड़कें बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं। केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में शानदार काम हुआ है। उनका लक्ष्य सड़क दुर्घटना और इसके कारण हो रही मौतों में कमी लाना है। तमिलनाडु ने इस दिशा में उल्लेखनीय काम किया है, वहां सड़क हादसों में होने वाली मौतों में कमी आई है। यदि सड़क हादसों से बचना है तो समाज में यातायात नियमों को लेकर जागरूकता फैलानी होगी और तेज रफ्तार से वाहन चलाने की मानसिकता को बदलना होगा। यातायात नियमों को अपनी आदत बनाना होगा। सड़क दुर्घटनाओं के कारण बेवजह इतनी जानें चली जाती हैं कि युद्ध में भी इतने लोग नहीं मरते होंगे। दुर्घटनाओं की वजह से न केवल परिवार बर्बाद होते हैं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होती है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है। सड़क हादसे केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं है, बल्कि एक सामाजिक समस्या है।



# मणिपुर सरकार की जबाबदेही पर चुप्पी

**प्रेम शर्मा**

मणिपुर हिंसा के बीच महिलाओं के वायरल हुए वीडियों के उपरान्त सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी, देश भर में जनाक्रोश के बाद उचित और अपेक्षित ही है कि मणिपुर के मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय गृहमंत्री और प्रधानमंत्री ने अपना क्षोभ व्यक्त करने के साथ यह संकल्प व्यक्त किया कि राष्ट्र को नीचा दिखाने वाली इस घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा लेकिन यह हैरानी की बात है कि मई के पहले सप्ताह में घटी इस खौफनाक घटना से राज्य सरकार तत्काल अवगत नहीं हो सकी। कुल मिला लम्बे समय से चली आ रही मणिपुर हिंसा को लेकर मणिपुर सरकार के प्रति केन्द्र और प्रधानमंत्री की चुप्पी या वहॉ तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाए जाने का फैसला निश्चित तौर पर बहुत कहने को मजबूर करता है। आपसी वैमनस्य और जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उन्हें सार्वजनिक रूप से घुमाने, उनके साथ वहशी व्यवहार करने और उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सभ्य समाज को क्षुब्ध और लज्जित करने वाली है। इस घिनौनी घटना ने मणिपुर के साथ देश को भी शर्मिंदा करने का काम किया है।इस घटना की सामूहिक भर्त्सना ही नहीं होनी चाहिए, बल्कि सभी सरकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कहीं पर भी मानवता को शर्मसार करने वाली ऐसी घटना न घटे। ऐसा तभी हो सकता है, जब ऐसी किसी भी वीभत्स घटना के लिए जिम्मेदार तत्वों को जितनी जल्दी संभव हो सके, कठोरतम सजा का भागीदार बनाया जाए। आखिर किसी राज्य का शासन इतना अक्षम कैसे हो सकता है कि सार्वजनिक स्थल पर इतनी घृणित घटना घट जाए और उसे कुछ पता न चले? यह मानने के अच्छे–भले कारण हैं कि मणिपुर सरकार अपने दायित्वों का निर्वहन सही तरह नहीं कर पा रही है। शायद यही कारण है कि वहां लंबे समय तक बड़े पैमाने पर हिंसा के साथ आगजनी होती रही। इस हिंसा में अनेक लोग मारे गए और हजारों लोगों को अपना घर–बार छोड़कर भागना पड़ा। इस दौरान भी कई महिलाओं के साथ यौन हिंसा हुई। देश के गृहमंत्री के कई दौरे और सीधे मणिपुर हिंसा पर नजर होने के बावजूद मणिपुर में हिंसा का सिलसिला थम नहीं रहा है। ढाई महीने से भी ज्यादा वक्त से मणिपुर के लोग हिंसा की आग में झुलसने को मजबूर हैं। मणिपुर को लेकर एक और बात है, जिसका सिलसिला थम नहीं रहा है। यह समझ आता है कि मणिपुर में महिलाओं के साथ हुए राक्षसी कृत्य से सुप्रीम कोर्ट भी कुपित है और विपक्षी दल भी नाराज है। विपक्षी नेता सड़क से लेकर संसद तक अपना आक्रोश व्यक्त करने के साथ सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं। यह घटना ही ऐसी है कि सभी को आवाज उठानी चाहिए, लेकिन यदि विपक्ष यह चाहता है कि इस बेहद गंभीर मामले पर संसद में गहन चर्चा हो और सरकार जवाब दे तो फिर उसे अपने हंगामे पर विराम लगाना होगा। यही नही इतने गम्भीर मुद्दे में समाज की भूमिका भी स्पष्ट होनी चाहिए। इतने गंभीर और मानवता के अस्तित्व को ही नकारने से जुड़े मसले पर भी समाज के लोगों में जो बंटवारे की प्रवृति दिख रही है, वो किसी भी नजरिए से देश के आम लोगों के लिए फायदेमंद नहीं है। मुद्दा चाहे कोई भी, खांचों या खेमों में बांटने या बंटने की प्रवृत्ति राजनीति से जुड़े लोगों, राजनीतिक दलों और नेताओं में तो शुरू से रहा है, लेकिन जब समाज में आम लोग भी इस तरह के बंटवारे का हिस्सा बन जाते हैं, तो इसमें नुकसान सिर्फ और सिर्फ देश के नागरिकों का होता है। मणिपुर हिंसा को लेकर तो लोग पहले से ही खांचों में बंटते दिख रहे थे। मैतेई समुदाय के लिए एसटी स्टेटस की मांग और कुकी समुदाय की ओर से विरोध से शुरू 3 मई को व्यापक स्तर पर हिंसा की शुरुआत होती है। मैतेई और कुकी समुदाय के बीच संघर्ष से शुरू हुई इस हिंसा को लेकर राज्य से बाहर के लोगों की प्रतिक्रियाएं भी समुदाय विशेष से लगाव और जुड़ाव के आधार पर आने लगी। हालांकि इंटरनेट बंद होने से मणिपुर से बहुत सारी खबरें और घटनाएं इस दौरान बाहर आ ही नहीं पाई। लेकिन जब 19 जुलाई को वीडियो वायरल होता है तो देखते ही दखते देशभर से इसके खिलाफ प्रतिक्रिया आने लगती है। बहरहाल मणिपुर में हालात कितने बुरे हैं, ये जब आम लोगों को समझ आ रहा है तो फिर मणिपुर की सरकार और केंद्र सरकार को तो ज्यादा अच्छे से पता होगा। मणिपुर की हिंसा में 150 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। हिंसा में 5 हजार आगजनी की घटनाएं होती हैं। 60 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराध और यौन उत्पीड़न में सारी हदें पार कर दी जा रही हैं। अब तो मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके तक ने टीवी पर आकर इन सारी बातों को स्वीकारा है। राज्यपाल अनुसुइया उइके ने इतना तक कहा है कि उन्होंने अपनी जिंदगी में इतनी हिंसा कभी नहीं देखी। इसके साथ ही राज्यपाल ने टीवी पर ही इस बात को स्वीकारा भी है कि मणिपुर की हालात से जुड़ी रिपोर्ट वो ऊपर भेज चुके है। यही वह सच है जिसके आधार पर अबतक मणिपुर सरकार की जबाबदेही तय हो जानी चाहिए थी। इसके लिए केन्द्र के पास सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने से अच्छा कोई रास्ता नही था। इस फैसले से जहॉ मौका परस्तो को राजनैतिक रोटियॉ सेकने का मौका नही मिलता वही ऐसा करने से काफी हद तक मणिपुर में स्थानीय राजनीति का हस्तक्षेप कम होने से उपद्रवी लोगों पर आसानी से कार्रवाई का मौका मिल जाता। लेकिन इतना होने के बावजूद मणिपुर की एन बीरेन सिंह सरकार को हटाकर वहां अब तक राष्ट्रपति शासन नहीं लगाया गया है। मणिपुर हिंसा की राजनीतिक जवाबदेही को लेकर केंद्र सरकार की ओर से कुछ भी नहीं कहा गया है। ऐसा न करने से कही ना कही केन्द्र सरकार भी मणिपुर हिंसा के लिए राज्य सरकार के साथ जिम्मेदार नजर आती है। मणिपुर हिंसा को लेकर वैश्विक स्तर पर भी भारत की छवि खराब हो रही है।




# अमेरिकी नौसेना का इतिहास बनाएंगी एडमिरल लीजा फ्राचेंटी

**संजीव ठाकुर**

अमेरिका सहित पश्चिमी देशों में महिलाओं को उच्च पद दिया जाना कोई नई बात नहीं है वर्तमान में फ्रांस की प्रधानमंत्री महिला ही हैं और अमेरिका में ही उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के अलावा बहुत सारे महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर भारतीय मूल की महिलाएं पूर्व में पदस्थ की गई हैं पर इस बार अमेरिका तीनों सेना प्रमुख लीजा फ्राचेटी मनोनीत होने वाली हैं। यह संभवत अमेरिकी इतिहास की पहली नौसेना प्रमुख महिला होंगी। 38 साल की नौसेना की सेवा के पश्चात उन्हें यह महत्वपूर्ण पद प्रदान किया जा रहा है। इसके पूर्व लीजा नौसेना में कई पदों को पूरी निष्ठा के साथ संपादित कर चुकी हैं। उन्हें अमेरिकी नौसेना की शक्तिशाली एवं मजबूत उपप्रधान माना जाता हैं। अब उन्हें नौसेना का सर्वोच्च पद प्रदान किया जाएगा। वॉशिंगटन डीसी की समाचार एजेंसियों के हवाले से बताया गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने एडमिरल लीजा को अमेरिका जैसे देश की भारी भरकम नौसेना का नेतृत्व करने के लिए चुना है। एजेंसी ने आगे बताया है कि यदि अमेरिकी सीनेट उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे देती है तो वह अमेरिका में किसी भी सैन्य सेवा की प्रमुख बनने वाली पहली महिला अधिकारी होंगी। इसके पूर्व अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉर्ड ऑस्टिन ने अमेरिकी नौसेना पेसिफिक बेड़े के एडमिरल सैमुअल पेपरों को इस पद के लिए अनुशंसा की थी पर उन्हें यूएस इंडोपेसिफिक कमांड का प्रमुख नामजद कर दिया गया है। वैसे इन दोनों की नियुक्ति की अधिकारिक सूचना सार्वजनिक नहीं की गई है। वर्तमान में लीजा नौसेना की उप प्रमुख हैं लीजा 1985 में अमेरिकी नौसेना में कमीशंड हुई थी। लीजा इसके पूर्व अमेरिकी नौसेना बल में कोरिया के कमांडर के अलावा नौसेना संचालन की निर्देशक योजनाओं और नीति की निर्देशक के रूप में सफलतापूर्वक काम कर चुकी है। उन्होंने दो कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की कमांडर की भूमिका भी निभाई है और उसके पश्चात 2022 में उनकी नियुक्ति सेना के उप प्रमुख के रूप में की गई थी। उल्लेखनीय है कि भारत जैसे विकासशील देश में भारत के प्रधानमंत्री ने श्रीमती सीतारमण को रक्षा मंत्री का पद सौंपा था पर यह पदस्थापना पॉलिटिकल पदस्थापना थी। भारत में भी अब महिला अधिकारियों की नियुक्तियां सैन्य बल में बड़ी संख्या में की जा रही हैं महिलाओं को सेना में शामिल किए जाने की वैश्विक पहल की जाने लगी है उसी के परिणामस्वरूप अमेरिका के राष्ट्रपति ने लीजा की नौसेना प्रमुख के रूप में नियुक्तियों को प्राथमिकता दी है। जो वाइडन ने लीजा की प्रशंसा करते हुए कहा है की एडमिरल लीजा एक कमीशंड अधिकारी के रूप में देश में 38 वर्षों की समर्पित सेवा प्रदान करेंगी जिसमें नौसेना संचालन के उप प्रमुख के रूप में वर्तमान भूमिका भी शामिल है। राष्ट्रपति ने आगे कहा की लीला अपने पूरे कैरियर के दौरान परिचालन और नीति दोनों क्षेत्र में बतौर निर्देशक व्यापक विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया है और वह अमेरिकी नौसेना में चार सितारा एडमिरल का पद हासिल करने वाली दूसरी महिला अधिकारी हैं। यदि अमेरिकी सीनेट इसे पारित करता है तो लीजा नौसेना संचालन प्रमुख और संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में सेवा देने वाली पहली महिला के रूप में फिर से एक इतिहास बनाएंगी। इसके अलावा अमेरिका के फोर्स कमांड के डिप्टी कमांडर वाइस एडमिरल जेम्स किल्बी को अगला नौसेना उप प्रमुख नामित किया जाएगा। इसके अलावा नेवी के पेसिफिक बल के कमांडर सैमुअल पेपारो को इंडो पेसिफिक कमांड के कमांडर के रूप में प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सेना का नेतृत्व करने के कमांडर ग्रुप में नियुक्त किया जाएगा। अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति की इस नामांकन की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक एडमिरल यह सुनिश्चित करेगा कि हमारी अमेरिकी नौसेना और इंडोपेसिफिक में संयुक्त बल ऐतिहासिक रूप से सशक्त बल बनकर कर उभरेगी और इन सब सैन्य अधिकारियों के नेतृत्व में दुनिया भर में शक्ति प्रदर्शन करने सामुद्रिक स्वतंत्रता की रक्षा करने और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने लीजा की नियुक्ति कर महिला सशक्तिकरण के लिए एक आवश्यक कदम उठाया है और यह अमेरिकी इतिहास में पहली बार होगा कि किसी भी सेना के अंग में लीजा पहली नौसेना प्रमुख बनाई जाएंगी।

## सस्ते मकानों की बिक्री में 18 फीसदी गिरावट, दिल्ली-एनसीआर में भी 38.6 फीसदी की कमी

**लखनऊ।** देश के शीर्ष सात शहरों में जनवरी-जून के दौरान सस्ते मकानों की बिक्री में 18 फीसदी की गिरावट आई है। एनारॉक के आंकड़ों के मुताबिक, कम आपूर्ति और ब्याज दरों में वृद्धि से जनवरी-जून में 40 लाख रुपये से कम कीमत वाले सिर्फ 46,650 मकान ही बिके। एक साल पहले समान अवधि में 57,060 मकान बिके थे। आंकड़ों के मुताबिक, मकानों की कुल बिक्री में सस्ते मकानों का हिस्सा घटकर जनवरी-जून, 2023 में 20 फीसदी पर आ गया है। एक साल पहले की समान अवधि में यह 31 फीसदी था। कुल 2.28 लाख घर इस साल जनवरी-जून के बीच बिके, जो एक साल पहले की समान अवधि में 1.84 लाख थे।



**दिल्ली-एनसीआर में 38.6त्न कमी**

आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में जनवरी-जून में सस्ते मकानों की बिक्री 38.6 फीसदी घटकर 8,680 इकाई रह गई। मुंबई महानगर क्षेत्र में बिक्री मामूली घटकर 17,470 इकाई?रही। बंगलूरू में इन मकानों की मांग 3,990 से घटकर 3,270 इकाई रह गई। पुणे में बिक्री 11,240 से घटकर 9,700 इकाई रह गई। हैदराबाद में 50 फीसदी की गिरावट के साथ कुल 720 मकान ही बिके।

## Ramkrishna Forgings ने 205 करोड़ रुपये में मल्टीटेक ऑटो, माल मेटालिक्स का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** रामकृष्ण फोर्जिंग्स लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने मल्टीटेक ऑटो प्राइवेट लिमिटेड और उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी माल मेटालिक्स प्राइवेट लिमिटेड का 205 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया है। मल्टीटेक ऑटो और माल मेटालिक्स गाड़ियों के लिए असेंबली टॉप कवर, शिफ्ट सिलेंडर, असेंबली गियर, डिफरेंशियल केस और डिफरेंशियल कवर जैसे विभिन्न हिस्सों का विनिर्माण करते हैं। रामकृष्ण फोर्जिंग्स ने एक बयान में कहा कि उसने मल्टीटेक ऑटो प्राइवेट लिमिटेड और उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी माल मेटालिक्स का 205 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया है। बयान के मुताबिक, यह अधिग्रहण कंपनी की वृद्धि रणनीति के तहत एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य अपनी उत्पाद श्रृंखला का विस्तार करना और यात्री वाहनों, हल्के वाणिज्यिक वाहनों तथा भारी वाणिज्यिक वाहनों के क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। कंपनी ने आगे कहा कि उसने सात करोड़ रुपये में माल ऑटो प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड का भी अधिग्रहण कर लिया है।



## पहली छमाही में 40 लाख रुपये से कम दाम के घरों की बिक्री 18 प्रतिशत घटीः एनारॉक

**नई दिल्ली।** देश की सात प्रमुख शहरों में 40 लाख रुपये से कम कीमत वाले किफायती घरों की बिक्री पहली छमाही (जनवरी-जून, 2023) में 18 प्रतिशत गिरावट के साथ 46,650 इकाई रह गई है। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी एनारॉक ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। पिछले साल जनवरी-जून की अवधि में 40 लाख रुपये से कम कीमत के 57,060 घर बिके थे। रिपोर्ट के अनुसार, कुल आवासीय बिक्री में सस्ते घरों की हिस्सेदारी पिछले साल की पहली छमाही के 31 प्रतिशत से गिरकर समीक्षाधीन अवधि में 20 प्रतिशत रह गई है। कुल आवास बिक्री पिछले साल के 1,84,000 इकाई से बढ़कर इस सालपहली छमाही में 2,28,860 इकाई हो गई। एनारॉक के चेयरमैन अनुज पुरी ने कुल बिक्री में किफायती घरों की घटती हिस्सेदारी के लिए कोविड-19 महामारी के बाद मांग में बदलाव और डेवलपर्स के साथ-साथ उपभोक्ताओं के सामने आने वाली कई अन्य चुनौतियों को बताया। उन्होंने कहा कि जमीन की कीमतें बहुत बढ़ गई हैं। डेवलपर्स के लिए इनकी उपलब्धता कम हो रही है। 'ज्यादा कीमत पर वे जमीन खरीद भी लेते हैं तो कम कीमत पर बेचना उनके लिए संभव नहीं होता है।' उन्होंने कहा कि अन्य लागत दरें भी पिछले कुछ साल में बढ़ी हैं। अब किफायती घरों की परियोजनाएं उतना आकर्षक सौदा नहीं रही हैं। जिन शहरों में सर्वेक्षण किया गया, उनमें मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता शामिल हैं।

## आयकर विभाग ने कहा- 31 जुलाई तक दाखिल करें रिटर्न और चिंता मुक्त रहें

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2022-23 और आकलन वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। अगर आपने अब तक अपना आईटीआर फाइल नहीं किया है, तो जल्द कर दें। इस बार आईटीआर दाखिल करने की तय तिथि में कोई बदलाव नहीं होगा। आयकर विभाग ने रविवार को एक ट्विट कर कहा कि आकलन वर्ष 2023-24 के लिए आईटीआर दाखिल करने की नियत तारीख 31 जुलाई, 2023 है। विभाग ने कहा कि कृपया http:ncometa&.gov.inपर जाएं, अंतिम हफ्ते में भागदौड़ से बचें और जल्द से जल्द अपना आईटीआर फाइल करें और चिंता मुक्त रहें।

इनकम टैक्स एक्सपर्ट चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) अमित रंजन के मुताबिक आईटीआर फाइल करने से न केवल पेनाल्टी से बचाव होता है, बल्कि इसके और कई फायदे हैं। उन्होंने कहा कि निर्धारित तारीख के अंदर आईटीआर दाखिल नहीं करने पर आपको जुर्माना चुकाना पड़ सकता है।




## कच्चा तेल 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 81 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 77 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 89.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.27 डॉलर यानी 0.33 फीसदी की गिरावट के साथ 80.80 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.26 डॉलर यानी 0.34 फीसदी लुढ़ककर 76.81 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।




## बैठकों में पारंपरिक चिकित्सा पर हो रही अहम चर्चा, अमिताभ कांत बोले- आयुष मंत्रालय का काम सराहनीय

**नई दिल्ली** भारत इस बार जी-20 की अध्यक्षता कर रहा है। इसके लिए देश भर से इससे जुड़ी बैठकों का दौरान जारी है। देश के जी-20 शेरपा अमिताभ कांत भी इन बैठकों के लिए काफी सक्रिय है। एक बैठक के दौरान उन्होने कहा कि जी-20 चर्चाओं में पारंपरिक चिकित्सा सबसे आगे है और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों से निपटने में इसकी संभावित भूमिका को स्वीकार किया जा रहा है। कांत ने रविवार को यहां आयोजित जी-20 भागीदारी समूहों के साथ एक महत्वपूर्ण बातचीत में यह बात कही। आयुष मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, हितधारकों का स्पष्ट और जोरदार विचार था कि भारत सरकार के प्रयासों ने पारंपरिक चिकित्सा को स्वास्थ्य पर जी-20 की चर्चाओं में सबसे आगे ला दिया है। अपने संबोधन में अमिताभ कांत ने कहा, 'मैं आयुष मंत्रालय की बहुत सराहना करता हूं कि वह सभी सहभागिता और कार्य समूहों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करने में सबसे आगे है। हमें समग्र स्वास्थ्य और कल्याण प्राप्त करने में आयुष प्रथाओं के महत्व को बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा भारत में सदियों से स्वास्थ्य का एक अभिन्न अंग रही है। अमिताभ कांत ने इस बात पर प्रकाश डाला कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) भारत में एक समर्पित डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन (डब्ल्यूएचओ जीसीटीएम) की अवधारणा लेकर आया है, जो पारंपरिक चिकित्सा की शक्ति का उपयोग करेगा।




**भारत जी-20 देशों के बीच साझेदारी और समन्वय के साथ कर रहा काम**

स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त सचिव लव अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा, ÷दुनिया सभी स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के संदर्भ में एकीकृत स्वास्थ्य या समग्र स्वास्थ्य की अवधारणा पर चर्चा हो रही है। हम जी-20 देशों के बीच साझेदारी और समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में पारंपरिक चिकित्सा की भूमिका को स्वीकार करने के संदर्भ में हम सभी का स्पष्ट दृष्टिकोण है।÷ इस अवसर पर आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने अपनी सिफारिशों और व्यावहारिक विचार-विमर्श के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए जी-20 के नेतृत्व और कार्य समूहों की व्यक्तिगत रूप से सराहना की।

## तीन तिमाहियों के बाद गोल्ड ईटीएफ में 298 करोड़ निवेश, विदेशी निवेशकों ने लगाए 43800 करोड़



**नई दिल्ली।** गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंडों (ईटीएफ) में अप्रैल-जून की तिमाही में 298 करोड़ रुपये का निवेश आया है। इससे पहले लगातार तीन तिमाहियों के दौरान निकासी हुई थी। हालांकि, एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में निवेश 80 फीसदी घट गया है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया के मुताबिक, मार्च तिमाही में गोल्ड ईटीएफ से 1,243 करोड़, दिसंबर तिमाही में 320 करोड़ और सितंबर तिमाही में 165 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। जून, 2022 को समाप्त तिमाही में ईटीएफ में 1,438 करोड़ निवेश आया था। गोल्ड ईटीएफ फोलियो की संख्या 1.5 लाख बढ़कर 47.52 लाख हो गई।

**विदेशी निवेशकों ने लगाए 43,800 करोड़**

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में इस महीने में अब तक 43,800 करोड़ का निवेश किया है। इसके साथ ही इस वर्ष में कुल निवेश 1.20 लाख करोड़ के पार पहुंच गया।

## बायजू ने बंगलुरु स्थित अपने दो दफ्तर खाली किए, रिपोर्ट्स में दावा- खर्च घटाने के लिए लिया गया फैसला

**नई दिल्ली।** एडटेक कंपनी बायजू ने फंडिंग में देरी के बीच लागत में कटौती और लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए बेंगलुरु में अपने सबसे बड़े दफ्तर को खाली कर दिया है। बेंगलुरु में बायजू के तीन ऑफिस हैं। 5.58 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैले कल्याणी टेक पार्क स्थित दफ्त को खाली करा लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि संकटग्रस्त एडटेक ने प्रेस्टीज टेक पार्क में स्थित एक अन्य कार्यालय का भी एक हिस्सा छोड़ दिया है।

**कंपनी ने प्रेस्टीज टेक पार्क स्थित दफ्तर की नौ मंजिलों में से दो किया खाली**

कंपनी ने इमारत की नौ में से दो मंजिलों को खाली कर दिया है। कंपनी ने कथित तौर पर कर्मचारियों को 23 जुलाई से अपने अन्य परिसरों से या अपने घरों से से काम करने को कहा है। बायजू के पास अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए देश भर में 3 लाख वर्ग फुट से अधिक किराए की जगह है। कार्यालय स्थान में विस्तार और कमी कामकाजी नीतियों और व्यावसायिक प्राथमिकताओं में बदलाव पर आधारित है, जो बहुत नियमित हैं और इसका उद्देश्य परिचालन क्षमता को बढ़ावा देना है।




## बोट के सह-संस्थापक अमन गुप्ता ने कहा भारतीय बाजार अच्छी गति से वृद्धि कर रहा

**नई दिल्ली।** भारत में ऑडियो और वीयरेबल उपकरण बनाने वाली कंपनी बोट के सह-संस्थापक अमन गुप्ता ने कहा कि भारत में यह बाजार अच्छी गति से वृद्धि कर रहा है, जिससे बोट के लिए राजस्व और उत्पादन बढ़ाने की योजनाओं को बल मिल रहा है। अमन गुप्ता ने हालांकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में पदार्पण पर कहा कि इस बारे में वित्त वर्ष 2024-25 के बाद तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं पर काम चल रहा है, लेकिन फिलहाल कंपनी इस साल सबसे ज्यादा जोर स्मार्टवाच खंड में अपनी स्थिति को मजबूत करने पर है। गुप्ता ने कहा, ÷इस साल हमारा जोर अंतरराष्ट्रीय बाजार पर नहीं है। हम आधार तैयार कर रहे हैं, जिससे अगले साल तक हम अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहुंच सकें।÷ बोट चालू वित्त वर्ष में कुल 5,000 करोड़ रुपये की सकल बिक्री का लक्ष्य बना रही है। उन्होंने कहा, ÷बाजार बहुत अच्छी गति से वृद्धि कर रहा है। ऑडियो खंड में हम बाजार में अग्रणी हैं, वहीं वीयरेबल (पहनने वाले उपकरण) खंड में हम विभिन्न कंपनियों से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और इसमें लगातार बदलाव हो रहा है। स्मार्टवाच बाजार अच्छी गति से वृद्धि कर रहा है और फिलहाल हमारा सबसे ज्यादा ध्यान इसी पर है।' बीते वित्त वर्ष में बोट की कुल बिक्री लगभग 4,000 करोड़ रुपये रही थी।



## वी-पे - देश के बाहर भी कार को मिलेगी बीमा सुरक्षा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदा से भी मिलेगा कवर

**नई दिल्ली।** बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने हाल ही में नई मोटर बीमा पॉलिसी पेश की है। इसका नाम है...वी-पे। यह एक प्रकार का ऐड-ऑन कवर है। इसमें आपकी कार को भारत से बाहर बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका और मालदीव में भी बीमा सुरक्षा मिलेगी।

**साइबर जोखिम सहित 22 खास फीचर**

वी-पे पॉलिसी को दो वर्गों में बांटा गया है। क्लासिक और एलीट प्लान। अगर आप क्लासिक प्लान खरीदते हैं तो उसमें 17 फीचर मिलेंगे, जबकि एलीट प्लान में 22 कवर।

नई पॉलिसी में कार में छोटा खरोंच लगने से लेकर मैकेनिकल व इलेक्ट्रिकल ब्रेकडाउन के साथ साइबर जोखिम कवर शामिल है।

इस ऐड-ऑन पॉलिसी में रिकैलिब्रेशन फीचर भी है, जिससे कार के डिजिटल सेंसिंग उपकरणों को सुरक्षा मिलती है।

उपभोक्ता कार में अतिरिक्त एसेसरीज या सीएनजी/एलपीजी फिटमेंट लगवाने के बाद पॉलिसी अवधि में बीमा कंपनी को इसकी जानकारी देना भूल जाते हैं तो भी वाहन को वी-पे के तहत बीमा कवर का लाभ मिलेगा। रिम-टायर कवर के अलावा रिपेयर अवधि में कार का इस्तेमाल नहीं होने पर बीमाधारक को हर दिन नकदी लाभ भी मिलेगा।

**कौन खरीद सकता है :** वी-पे ऐड-ऑन कवर सिर्फ निजी कार मालिकों के लिए है। वाणिज्यिक वाहनों के लिए नहीं।?

**कैसे खरीदें :** बेस ओन डैमेज (ओडी) पॉलिसी के साथ वी-पे कवर खरीद सकते हैं। इसे मोटर बीमा पॉलिसी के नवीनीकरण के दौरान ही खरीद सकते हैं।

कवर अवधि : इसकी अवधि सामान्य मोटर बीमा पॉलिसी जितनी ही होगी।




**क्लेम प्रक्रिया :** टोल फ्री नंबर 18002095858 पर कॉल सकते हैं। क्लेम फॉर्म को भरकर कंपनी के नजदीकी ऑफिस में जमा कर सकते हैं।

**छोटे नुकसान की चिंता से मुक्ति**

वी-पे एक वन-स्टॉप सॉल्यूशन है। इसमें 17-22 ऐड-ऑन कवर मिलते हैं। इसके तहत कार मालिक को स्क्रैचेज और अन्य छोटे नुकसान की जानकारी हर बार बीमा कंपनी को देने की जरूरत नहीं है। वे पॉलिसी अवधि में किसी भी समय इसकी सूचना दे सकते हैं। कंपनी सभी नुकसान कवर करेगी।

-तपन सिंघल एमडी-सीईओ, बजाज आलियांजसकते हैं। यूएस बैंक में वैश्विक भुगतान और एम्बेडेड भुगतान के प्रमुख अनु सोमानी ने कहा, हमारे लिए, फेडनाउ वास्तव में पहुंच का विस्तार करने का एक शानदार तरीका है।

## बेन कैपिटल खरीदेगी अदाणी समूह की कंपनी में 90 फीसदी हिस्सेदारी, अमेरिकी फर्म से डील पक्की

**वाशिंगटन।** अमेरिका स्थित प्राइवेट इक्विटी फर्म बेन कैपिटल ने अदाणी समूह की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी अदाणी कैपिटल और अदाणी हाउसिंग की 90 फीसदी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसकी घोषणा 23 जुलाई को की गई। हालांकि मौजूदा प्रबंध निदेशक और सीईओ गौरव गुप्ता के पास बाकी 10 फीसदी हिस्सेदारी रहेगी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अदाणी ग्रुप के वित्तीय सेवा कारोबार का कुल मूल्यांकन 1,600 करोड़ रुपये है। वहीं इस समझौते के साथ ही अदाणी परिवार ने अपने बैंकिंग कारोबार में अपनी लगभग सारी हिस्सेदारी बेच दी है। इनको 2017 में लॉन्च किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, गौरव गुप्ता के नेतृत्व में बेन कंपनी बैकिंग कंपनियों की वृद्धि के लिए अतिरिक्त 983 करोड़ रुपये निवेश करेगी।

**गौतम अदाणी ने समझौते पर दिया बयान**

अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि मैं गौरव को उनके इन्वेस्टमेंट बैंकर के दिनों से जानता हूं। उन्होंने कहा कि वह एक एंटरप्रेन्योर बनना चाहते थे और मैंने उसका सपोर्ट किया। उन्होंने न केवल सेमी-अर्बन और ग्रामीण भारत में वंचितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक अच्छा फाइनेंशियल बैंकिंग सर्विसेज बनाया है, बल्कि अदाणी ग्रुप में भी बहुमूल्य योगदान दिया है। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि बेन कैपिटल जैसा विश्वसनीय निवेशक अब इसमें कदम रख रहा है और इससे व्यवसाय को यहां से कई गुना बढ़ने में मदद मिलेगी।




**हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह के शेयर धड़ाम से नीचे गिरे थे**

इस साल जनवरी में शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने अदाणी समूह पर एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट में आरोप लगाए गए कि अदाणी समूह ने शेयरों में हेराफेरी की और कई सालों तक धांधली की। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद खूब हंगामा हुआ और अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर धड़ाम से नीचे आ गए।

**नए प्रोजक्ट पर फोकस कर रहा अदाणी ग्रुप**

हालांकि अदाणी समूह ने निवेशकों का भरोसा जितने के लिए कई बड़े कदम भी उठाए। इसके साथ ही अदाणी ग्रुप अपने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बिजनेस पर फोकस कर रहा है, जिसमें मुंबई के बाहरी इलाके में एक नया एयरपोर्ट बनाना भी शामिल है।

## गो फर्स्ट की उड़ानें 25 जुलाई तक के लिए रद्द; विमानना कंपनी ने तीन मई से बंद रखी हैं सेवाएं

**नई दिल्ली।** गो फर्स्ट एयरलाइन ने अपनी सभी उड़ानें 25 जुलाई तक के लिए रद्द कर दी हैं। परिचालन कारणों से विमानना कंपनी ने यह फैसला लिया है। दरअसल, आर्थिक संकट से जूझ रही कंपनी ने तीन मई से ही अपनी सभी उड़ाने बंद कर रखी हैं। इससे पहले विमानन नियामक डीजीसीए ने कुछ शर्तों के साथ गो फर्स्ट एयरलाइन को विमान परिचालन फिर शुरू करने की अनुमति दे दी थी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कहा था कि उसने कुछ शर्तों के साथ 15 विमानों और रोजाना 114 उड़ानों के परिचालन को शुरू करने की गो फर्स्ट की योजना को मंजूरी दे दी है। गो फर्स्ट के खिलाफ दिवाला समाधान प्रक्रिया चल रही है। हालांकि, यह मंजूरी दिल्ली उच्च न्यायालय और एनसीएलटी (राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण) की दिल्ली पीठ के समक्ष लंबित रिट याचिकाओं या आवेदनों के नतीजों पर निर्भर है। इसके अलावा नियामक ने गो फर्स्ट को सभी लागू नियामकीय जरूरतों को पूरा करने और विमानों के उड़ान भरने योग्य होने की भी नियमित जांच करने का निर्देश दिया। एयरलाइन के समाधान पेशेवर (आरपी) ने सेवाएं फिर बहाल करने की योजना 28 जून को डीजीसीए को सौंपी थी। उसके बाद डीजीसीए ने कंपनी की मुंबई और दिल्ली में उड़ानों से संबंधित विभिन्न सुविधाओं का विशेष ऑडिट किया था।

# प्रेम और आदर से चलता है संसार :संत शीतल राजाराम

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** । सीरवी समाज एच.एस.आर ले आऊट के



तत्वाधान में चातुर्मास विराजित संत शीतल राजाराम ने कहा की सुनने की आदत डालो क्योंकि दुनिया में कहने वालों की कमी नहीं है । अपनी बुराई सुनने की हिम्मत पैदा करो क्योंकि लोग तुम्हारी बुराई करने से बाज नहीं आएंगे। आलोचक बुरा नहीं है वह तो जिंदगी के लिए साबुन का काम करता है । गली में दो-चार सुअर हों तो गली साफ रहती है। लक्ष्मी पुण्याई से मिलती है। मेहनत से मिलती हो तो मजदूर के पास क्यों नहीं, बुद्धि से मिलती हो तो पंडितों के पास क्यों नहीं, जिंदगी में अच्छी संतान, सम्पत्ति और सफलता पुण्य से मिलती है। अगर आप चाहते हैं कि आपका इहलोक और परलोक सुखमय रहें तो दिन में दो पुण्य जरूर करिए। आज के कार्यक्रम में भजन गायक महेंद्र नाथ, पुनम जांगिड़ एवं ईश्वर पुरी मंडली ने राजस्थानी लोक भजनों की प्रस्तुतियां दी । भजनों पर महिलाएं झूमनें लगी। इस अवसर वडेर के अध्यक्ष फाऊलाल परिहारिया सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा सह-सचिव केनाराम मुलेवा सह -कोषाध्यक्ष बाबूलाल सोलंकी, बोहराराम पवांर, गेनाराम सैणचा, मांगीलाल सोलंकी, नवयुक मंडल के अध्यक्ष महेंद्र राठौड़ सचिव मदनलाल राठौड़ मिडिया प्रभारी किशोर राठौड़ समेत समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लाभार्थी महिला सम्मेलन की प्रदेश सह प्रभारी सरोज जोशी मनोनीत



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया एवं प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा एवं महामंत्री हितानंद शर्मा,प्रदेश प्रभारी कविता पाटीदार राज्यसभा सांसद के निर्देशानुसार भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सरोज जोशी को 1 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक समस्त महिला लाभार्थी का प्रदेश सह प्रभारी बनाया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नव मनोनीत लाभार्थी महिला हितग्राही सम्मेलन की सह प्रभारी श्रीमती जोशी ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर शीर्ष नेतृत्व ने जो भरोसा जताया है,उसे पूरी लगन,मेहनत और ईमानदारी के साथ दायित्व का निर्वहन करूंगी और भरोसा दिलाया की भाजपा के हित में हर विधानसभा लेवल पर पार्टी की सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर जाकर संपर्क कर आमजन को अवगत कराकर भाजपा को मजबूत करने का काम करेंगी।

# अविवेक ही दुख का कारण है :संत रामप्रकाश

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** । सीरवी समाज कर्नाटक ट्रस्ट बलेपेट वडेर के तत्वाधान में मंगलवार को चातुर्मास विराजित संत रामप्रकाश महाराज ने कहा कि हर मानव के जीवन में दुख है। दुख का कारण हमारी नादानी, नासमझ, अविवेक है। हर इन्सान अपने मन में उलझा हुआ है और मन निरन्तर पीड़ित हो रहा है। प्रत्येक इन्सान का परम लक्ष्य है उसका दुख दूर हो। इस कार्यक्रम में संस्था के सचिव अमराराम चोयल ने ,,आवणों पडेला संत गुरू थौने आवणों पडे ला,, मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया । संस्था के अध्यक्ष हरजीराम गहलोत ने स्वागत किया । आज आरती व प्रसाद के लाभार्थी सुखिया बाई जुगाराम सैणचा, भंवरीबाई अचलाराम पवांर रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे राजस्थान से सेवा निवृत्त




उमाराम चौधरी मुख्य वन संरक्षक का संस्था के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया । इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष अन्नाराम परिहारिया सह-सचिव भंवरलाल गहलोत सांस्कृतिक कमेंटी के अध्यक्ष कमल किशोर काग समेत समाज के बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे

# मणिपुर के मानव शर्मसार करने वाली घटना को लेकर राष्ट्रीय क्रांति मोर्चा संगठन ने सौंपा ज्ञापन

## राष्ट्रीय सचिव राजेश बर्डे सहित अन्य पदाधिकारी भी पहुंचे

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

खरगोन आज दिनों दिन लगातार आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ता ही जा रहा है, राष्टीय क्रांति मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर ऑफिस जाकर राष्ट्रपति महोदया के नाम से ज्ञापन सौंपा, राष्टीय सचिव राजेश बर्डे ने बताया कि मणिपुर में जो घटना हुई है वह दिल दहला देने वाली घटना है, ऐसे आरोपियों को सख्त से सख्त कार्रवाई और कठोर से कठोर सजा दिलाने की ज्ञापन सौंपकर



मांग करें, राष्टीय सचिव राजेश बर्डे ने बताया हैं कि आज पूरे भारत देश में देखा जा रहा है कि आदिवासियों पर अन्याय, अत्याचार बढ़ता ही जा रहा है यह आदिवासियों पर रुकने का नाम नहीं ले रहा है, पुलिस द्वारा एक आदिवासी को पीट-पीटकर थाने में ही हत्या कर दी जाती है, आदीवासी के ऊपर बाथरूम किया जाता है, नेमावर की घटना, आदिवासीयों की जमीन हड़पने की घटना, आदिवासीयों को दौड़ा दौड़ा कर मारा जाता हैं, ऐसे अपराधियों पर कोई ठोस, उचित कार्यवाही नहीं होती हैं और ठोस कार्यवाही के लिए हमें आंदोलन, धरना प्रदर्शन, विरोध प्रदर्शन करना पड़ता है।

# शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों की समस्यायों के लिए खरगोन जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया

**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने मोर्चा अध्यक्ष सुधीर शर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर शिवराज सिंह वर्मा को ज्ञापन सौंपा, प्रति निधि मंडल में लिपिक वर्ग संघ जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह पवार अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा प्रवक्ता हबीब बेग मिर्जा ,लघु वेतन कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र मंडलोई ,अध्यापक संगठन सचिव इरफान अली सैयद मौजूद थे ज्ञापन प्राप्त कर कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन कराते हुए कहा कि टीएल बैठक में संबंधित अधिकारियों से समीक्षा कर शासन निर्देशानुसार कर्मचारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से निराकृत किया जावेगा अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा प्रवक्ता हबीब बेग मिर्जा एवं लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह पवार ने बताया कि मोर्चा प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर महोदय को ज्ञापन के माध्यम से बताया कि अध्यापक संवर्ग के कर्मचारियों को 24 वर्ष का सेवाकाल पूर्ण होने पर भी दितीय क्रमोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा है इन कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ भी ,अप्राप्त है तथा नवीन शिक्षक संवर्ग में संविलियन पश्चात प्राथमिक ,माध्यमिक शिक्षकों को सातवें वेतनमान के एरियर से की किस्त का भुगतान वरिष्ठ कार्यालय के आदेश के पश्चात भी कसरावद विकासखंड में आज दिनांक तक नहीं हुआ है शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्याण विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का निराकरण कराया जाए दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों के द्वारा आवेदन करने के बाद भी अनुकंपा नियुक्ति का लाभ नहीं दिया जा रहा है माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा में कलेक्टर प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने वाले कर्मचारियों को दो-तीन वर्ष का मानदेय लंबीत है कलेक्टर प्रतिनिधि के रुप में नियुक्त कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान कराया जाए करोना काल में कोरोना पॉजिटिव होकर दिवंगत हुए कर्मचारियरी के आश्रित को चिकित्सकों के प्रमाणीकरण के बाद भी अनुकंपा नियुक्ति का लाभ अप्राप्त है शासन द्वारा कोरोना पॉजिटिव कर्मचारी के आश्रित को प्राथमिकता से अनुकंपा नियुक्ति देने के शासन के निर्देश हैं आदिम जाति कल्याण विभाग में 2 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके सहायक ग्रेड 3 के कर्मचारियों की परिवीक्षा अवधि समाप्त कर नियमितीकरण किया जावे एवं लिपिक वर्ग के कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का लाभ दिया जाए कर्मचारी हित में उक्त मांगों के निराकरण की मांग शिक्षक कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पवार ,तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष दिलीप सिंह पवार ,अपाक्स जिलाध्यक्ष अतीक खान ,कर्मचारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष रफीक खान, अध्यापक संगठन जिला अध्यक्ष विनोद पंडित ,सहायक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अनिल कुलकर्णी, समग्र शिक्षक संघ अध्यक्ष जगदीश कर्मा ,राज शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अमित शर्मा ,प्रांतीय शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष भारत सिंह डाबर आदि ने की है

# भाजपा के युवा नेता पूनाराम सीरवी का चेन्नई में भव्य स्वागत



**पुष्पाजंली टुडे**

**चेन्नई** ।मगंलवार सुबह को जिला परिषद् सदस्य पाली वार्ड नंबर 24 भाजपा नेता पूनाराम भायल दो दिवसीय दौरे पर चेन्नई पधारे । इस अवसर पर भाजपा नेता पूनाराम सीरवी का श्री सीरवी समाज संस्था सोकारपेट ट्रिपलीकेन क्रॉम्पेट पोरूर आयापतंगल मनली तंडियारपेट के अध्यक्ष सचिव एवम् समस्त कार्यकारणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर भाजपा नेता पूनाराम सीरवी ने जन सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मै सीरवी समाज और जन सेवा के लिए दिन रात आप का सेवादार हूं । नर सेवा ही नारायण सेवा है और 20 सालों से तन मन और धन से मारवाड़ जंक्शन विधान सभा क्षेत्र में सेवा दे रहा हू । उन्होंने कहा की इस बार खारची विधान सभा क्षेत्र से विधायक का चुनाव लड़ने की जनप्रतिनिधियों का बहुमत मिला है ।

# जनसुनवाई में 189 प्रकरणों की हुई सुनवाई

**संभागीय ब्यूरो चीफ रीवा**

**रीवा।** प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में जिले के वरिष्ठ अधिकारी आमजन की समस्यायें सुनते हैं तथा इनके निराकरण की सार्थक पहल की जाती है। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री ने 189 लोगों की समस्यायें सुनीं तथा अधिकारियों को इनके समाधानकारक निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय तथा डिप्टी कलेक्टर एल.एन गर्ग ने भी लोगों की समस्यायें सुनीं। जनसुनवाई में कमलेश यादव निवासी चाँद कोनीकला एवं कुसुमकली साकेत कल्याणपुर ने सीमांकन किये जाने का आवेदन दिया। अपर कलेक्टर ने तहसीलदार जवा को सीमांकन की कार्यवाही कराने के निर्देश दिये। व्यौहरा के छोटेलाल पटेल, हुजूर तहसील के श्यामसुंदर चौधरी, नष्टिगवां के शिवबहोर यादव एवं पिपरा के राजेश चतुर्वेदी के अतिक्रमण हटाने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही



किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान वीरेन्द्र कोल निवासी तिलया, पीर बानो घोघर, सुशील कुमार पाण्डेय बरेती तथा सर्किल सिंह त्योंथर के अवैध अतिक्रमण हटाने के आवेदनों पर संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही के निर्देश अपर कलेक्टर ने दिये। जनसुनवाई में गौरी शाहपुर के निवासियों के आम रास्ता को अतिक्रमण मुक्त करने, उमा सिंह द्वारा जम्मू रोड एवं तालाब की नाप कराने, मानवती साकेत करहिया के रास्ता निर्माण कार्य को रोकने के आवेदन में संबंधित तहसीलदार को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। चोरहटा निवासी रामकरण तिवारी के बंटवारा आवेदन पर तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बु?वा रायपुर कर्चुलियान एवं तिघरा सिरमौर के रहवासियों ने पानी की समस्या का आवेदन देकर हैण्डपंप सुधार का अनुरोध किया अपर कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को समझ में बुलाकर तत्काल समस्या के निराकरण के निर्देश दिये। लालमणि साकेत निवासी सीटी नौड़या के वृद्धवस्था पेंशन स्वीकृत करने के आवेदन पर अपर कलेक्टर ने संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय को पेंशन स्वीकृत करने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीण विकास, खाद्य, बिजली बिल सुधार एवं नवीन कनेक्शन प्रदाय तथा स्कूल शिक्षा विभाग के आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पर्सनल लोन देने के नाम पर शिक्षक के साथ साढ़े सात लाख की ठगी ।युवक की थाने में रिपोर्ट तक नही लिखी

## थाना मनगवा अंतर्गत महमूदपुर का मामला।




**एसपी और साइबर सेल में की शिकायत**-पर्सनल लोन देने के नाम पर एक प्राइमरी शिक्षक के साथ साढ़े सात लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी कर ली गई। पर शिक्षक की कही सुनवाई नहीं हो पा रही शिक्षक का 27 जून को कई ठग द्वारा राशि निकाल ली गई ।जानकारी जुलाई के पहले माह लगी तो सगरा थाने में की गई जिसे बोला गया हमारे थाना अंतर्गत का मामला नहीं है इसके बाद युवक मनगवा में थाने में गया तो वहा से बिना आवेदन लिए बैरंग लौटा दिया जिसके बाद वह 24 जुलाई को रीवा एसपी और साइबर सेल में शिकायती पत्र दिया है थाना महमूदपुर अंतर्गत शिक्षक के साथ धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है घर बनवाने के नाम अपनी जरूरतों के लिए लोन की आवश्यकता थी फरियादी के मामा के पुत्र सुरेश रावत द्वारा बताया गया कि हम लोन किसी एजेंट के माध्यम से ले रहे हैं जिससे उन्होंने परिचय करवाया। आरोपियों ने अपना नाम रवि और के राकी एवं राज सिंह को सतना का निवासी होना बताया जिनमें रवि और राकी का मोबाइल नंबर 9691 14520 92 एवं 9713144843 तथा गाड़ी नंबर एमपी 19 5: 30,79 सफारी ब्लैक कलर में उक्त दोनों व्यक्ति यूनियन बैंक सगरा में मिले थे और उन्होंने अपने आप को बैंक का पर्सनल लोन एजेंट बताया प्रार्थी को पैसे की आवश्यकता थी प्रार्थी उनको बैंक का कर्मचारी समझ कर उनको सभी आवश्यक दस्तावेज दे दिए जो बैंक लोन के लिए आवश्यक होते हैं बैंक लोन पास होते ही उक्त आरोपी द्वारा शिक्षक से सिम कार्ड चेक बुक पासबुक एटीएम एवं पर्सनल लोन डॉक्यूमेंट कीमांग उक्त बैंक में ही की और बोले कि आप यही बैठो मैं आपका पिन एटीएम से बना कर लाता हूं फिर आपका सभी डॉक्यूमेंट एवं पैसे ले लीजिएगा प्रार्थी कुछ समय तक बैंक में ही बैठा रहा था लेकिन जब उक्त आरोपी नहीं आए तो बैंक कर्मचारियों से पूछताछ की तो बोले कि पिन जनरेट ना हो रहा होगा इसलिए नहीं आए जैसे पिन जनरेट होगा ।वो आपसे मिलेंगे। फरियादी घर चला गया जब कुछ दिन बाद फिर बैंक गया और अपने खाते के बारे में एवं लोन के बारे में पता किया तो पता चला कि बैंक से लोन पास हो गया है लेकिन सभी पैसा निकल चुका है तो प्रार्थी का हक्का-बक्का रह गया तथा बैंक के कर्मचारियों से उक्त आरोपियों के बारे में पूछताछ की तो बताया कि हम उन्हें नहीं जानते उक्त आरोपियों द्वारा प्रार्थी का सारा लोन का पैसा एवं प्रार्थी द्वारा जमा की राशि सभी अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिया गया तथा अन्य बैंकों का भी पैसा निकाल लिया गया जो कि लगभग साढ़े सात की ठगी युवक के साथ की गई एसपी और साइबर सेल में शिकायत उक्त फरियादी द्वारा शिकायत की गई

# भोपाल से दतिया, रीवा एवं खजुराहो एयर टैक्सी सेवा अगले साल तक



**संभागीय ब्यूरो चीफ रीवा**

वर्ष 2024 की शुरुआत के साथ ही दतिया, रीवा एवं खजुराहो तक सीधी एयर टैक्सी सेवा मिलने लगेगी। राजधानी से बिजनेस क्लास एयर टैक्सी सेवा लंबे समय से बंद है लेकिन अगले साल से इसकी शुरुआत हो सकती है। वर्ष 2024 की शुरुआत के साथ ही दतिया, रीवा एवं खजुराहो तक सीधी एयर टैक्सी सेवा मिलने लगेगी। भोपाल से सूरत एवं शिर्डी तक सीधी उड़ान के लिए अब भी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल इसके लिए अभी तक किसी एयरलाइंस ने स्लाट नहीं लिया है।यहां सबसे पहले एयर डेक्कन ने एयर टैक्सी सेवा शुरू की थी। कुछ समय बाद कंपनी ही बंद हो गई। सन 2011 में नया एयरपोर्ट बनने के बाद वेंचुरा एयर कनेक्ट ने एयर टैक्सी के माध्यम से भोपाल को सतना, जबलपुर, इंदौर से जोड़ा। कंपनी ने मप्र पर्यटन विकास निगम से अनुबंध किया था।इसके तहत नौ सीटों वाले छोटे विमान में पर्यटन निगम तीन सीटों की गारंटी देता था। यदि कंपनी के पास कोई एक सीट की बुकिंग है तो उसे बाकी दो सीटों का किराया भी मिल जाता था ताकि उड़ान लगातार चलती रहे। अनुबंध समाप्त होते ही कंपनी ने उड़ानें भी बंद कर दीं।दो अन्य कंपनियों ने भी एयर टैक्सी शुरू की पर वह भी लंबे समय तक नहीं चल सकीं। रीवा एवं दतिया में एयरपोर्ट विकसित किए जा रहे हैं। काम पूरा होते ही इन शहरों तक सीधी एयर टैक्सी सेवा शुरू जाएगी। खजुराहो को भी भोपाल से कनेक्ट करने का प्रस्ताव है।भारत सरकार की उड़ान योजना के तहत निजी क्षेत्र की एयरलाइंस कंपनी फ्लायबिग ने इस रूट पर टैक्सी सेवा शुरू करने की सहमति दी है। इस बार 19 सीटों वाला विमान चलाया जाएगा। लोगों को किफायती किराये में सीट मिल सकेगी।रीवा, दतिया एवं खजुराहो तक अगले साल तक एयर टैक्सी शुरू होने की उम्मीद है। निकट भविष्य में पचमढ़ी तक भी एयर टैक्सी मिलेगी, वहां एयरपोर्ट विकसित होना है। उड़ान योजना में शामिल होने के कारण किराया भी कम होगा।

# हनुमना मउगंज मार्ग पर ज़्यादा किराया लेने पर चार बसे जप्त,परमिट हुआ




**संभागीय ब्यूरो रीवा**

कलेक्टर रीवा के निर्देशानुशार परिवहन विभाग द्वारा यात्री बसो की जांच की गई। यात्रियों से परिवहन विभाग को शिकायत प्राप्त हुई थी की रीवा हनुमना मउगंज रोड पर बस संचालकों के द्वारा निर्धारित किराया से ज़्यादा किराया वशूल किया जा रहा है। परिवहन विभाग रीवा द्वारा हनुमना मऊगंज मार्ग पर जाकर बसो को चेक किया गया, और चार बसो में ज़्यादा किराया लेना पाया गया। जिन्हें जप्त कर लिया गया और उनके परमिट निलंबित किए गए। इसके अलावा जिन बसो में किराया सूची चस्पा नही पायी गई उन पर चालानी कार्यवाही भी की गई,साथ ही उन बसो पर किराया सूची भी चस्पा की गई, जिन बसो पर चालानी कार्यवाही से 19 हज़ार रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया।परिवहन विभाग द्वारा बस संचालको को समझाईस भी दी गई की,ज़्यादा किराया न ले और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए, प्रमाण पत्र दिखाने पर,किराए में 50त्न की छूट प्रदान करे। ओव्हलोडिंग न करे।

# रीवा जिले में लाश मिलने से सनसनी मौके पर पहुंची पुलिस कर रही जांच



**संभागीय ब्यूरो रीवा**

रीवा जिले में लाश मिलने से सनसनी, मौके पर पहुंची पुलिस कर रही जांच. यह पूरा मामला जिले के लौर थाना क्षेत्र अंतर्गत उमरिया चौबन गांव का है जहां खेत में 60 वर्षीय वृद्ध का शव मिलने से हड़कंप मच गया. सुबह परिजनों की नींद खुली तो वृद्ध विक्रमादित्य पुत्र राम शिरोमणि दुबे निवासी उमरिया चौबान घर पर नहीं थे. जब परिजन ढूंढने निकले तो घर से थोड़ी दूर खेत में शव पड़ा दिखाई दिया इतना देखते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया. जिसकी सूचना लौर पुलिस को दी गई घटनास्थल का निरीक्षण थाना प्रभारी लौर एवं एफएसएल टीम द्वारा किया गया। घटनास्थल का पंचनामा बनाकर पीएम के लिए सब अस्पताल के लिए रवाना किया गया है. परिजनों ने हत्या का संदेह जताया है. पुलिस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है. पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएंगी।

# रानी बागरी एवं प्रियंका रानी बागरी ने भरजुना में आयोजित किया नि :शुल्क नेत्र शिविर

**पुस्पंजली टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**सतना**



रैगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भरजुना में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र शिविर रानी बागरी एवं प्रियंका रानी बागरी के द्वारा सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय के तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर में सात सदस्यीय डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच की। नेत्र शिविर का शुभारंभ रानी बागरी, प्रियंका रानी बागरी भाजपा जिला महामंत्री महिला मोर्चा गांव के वरिष्ठ जन, सरपंच एवं डॉक्टर की टीम द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक इनके द्वारा इसके पहले भी काफी नेत्र शिविरों का आयोजन किया जा चुका है जिसमें अभी तक ह?ारो मरीज इससे लाभान्वित हो चुके हैं द्य इस नेत्र शिविर के अंतर्गत मुख्य रूप से भरजुना के आसपास के गांव भरजुना कला, भरजुना खुर्द, करसरा, खम्हरिया, ऊटक्करपुर, सगमा, बठीया कला, सगमनिया, लालपुर, साइडिंग मझगवां, रेवार , पोइंधा मगरेह, कोठरा उमरी, उतैली, पासी ।,कैमा, के ग्रामीण जन तकरीबन 430 नेत्र के मरीजों ने अपनी जांच कराई एवं शिविर में 42 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट लेकर जाया गया, बाकी मरीजो को दवाई और चश्मा वितरण किया गयाद्य कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिनेश प्रसाद पांडे जी, भाजपा सोहावल मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह जी, मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप पांडे जी, सोनू सिंह, पीयूष तिवारी जी,मंजीत दाहीया, शत्रुघ्न पांडे जी, मनोज पांडे, राजन डोहर, रोहित सिंह, चंद्रभान सिंह, एवं समस्त ग्राम वासियों की मदद से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। रानी बागरी एवं प्रियंका रानी बागरी ने इस आयोजन में सभी के सहयोग एवं उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया है।

# मित्रता हो तो श्री कृष्ण और सुदामा जैसी – आचार्य राजेंद्र प्रसाद जी

## गोपियां सामान्य स्त्री नहीं, कृष्ण की भक्त थी

**उमाकान्त शर्मा दैनिक पुष्पांजली टुडे**





**भिण्ड।** मेहगांव ग्राम नीमगांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवे दिन भगवान श्री कृष्ण के महारास एवं रुकमणी का विवाह संपन्न हुआ। कथा व्यास श्री राजेंद्र प्रसाद जी ने कहा, वास्तविकता में ये गोपियां वो हैं जो ऋषि मुनि हजारों वर्ष तक तपश्चर्या और वृम्ह चिंतन करते रहने पर भी मन मैंमें बसे काम को न मार सके तो उस काम को श्री कृष्णार्पण करने की इच्छा से गोपियों का अवतार लेकर गोकुल मै आ वसे।अतः ईश्वर को काम अर्पण कर निष्कामी वनो।भागवत का उद्देश्य जीव को ईश्वर मय बनाना है और उसकी प्राप्ति करना है। तथा कथा व्यास जी ने श्री कृष्ण औरसुदामा की मित्रता का वर्णन किया और कहा कि मित्र हमेशा साथ देने वाला होना चाहिए। साथ ही आज की कथा में रुकमणी विवाह में भक्त झूमकर नाचे। कथा वाचक श्री राजेंद्र जी महाराज ने बताया कि भागवत कथा सुनने मात्र से मानव जीवन के समस्त पापों का नाश हो जाता है कथा का श्रवण करने ने मनुष्य का ज्ञान भी बढ़ता है। विदित हो कि कथा ग्राम नीमगाँव में समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित की जा रही है जिसमें पारीक्षत गाँव के बजरंगबली को बनाया गया है।सभी ग्रामवासियों ने बजरंगबली का आशीर्वाद सदैव यूं ही बनाये रखने की कामना की।

# शर्मा को भाजपा का जिला मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया स्वागत



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा अजय शर्मा को जिला मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी हर्षोल्लास की लहर एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार किया।इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक,भाजपा किसान मोर्चा की महामंत्री धर्मेंद्र टंटी राजावत एवं मंडल उपाध्यक्ष प्रतीक पांडे ने अपने साथियों के साथ शर्मा का माल्यार्पण एवं पटका डालकर बधाई दी।इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने कहा कि अजय शर्मा की जिला मीडिया प्रभारी बनने पर पार्टी को मजबूती मिलेगी क्योंकि अजय शर्मा मीडिया के क्षेत्र में मजबूत जनाधर रखते हैं। पहले भी अजय शर्मा जिले में मीडिया प्रभारी के पद पर रह चुके हैं।इस नियुक्ति पर श्री शर्मा को भाजपा के जिले के पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की।

# मोहर्रम को लेकर मालनपुर थाना प्रभारी ने ली शांति समिति की बैठक, कहा शांति, सद्भावना और भाई चारे के साथ मनाए त्यौहार





**पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

**मालनपुर।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में गोहद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में आगामी मोहर्रम के त्यौहार को देखते हुए थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित की जा रही है इसी क्रम में मंगलवार को मालनपुर थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ संतोष यादव ने थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे बैठक में थाना प्रभारी ने कहा कि मोहर्रम का त्यौहार शांति समिति और भाई चारे के साथ मनाऐ ताजिए निकालते समय नगर के प्रमुख मार्गो पर पुलिस बल तैनात रहेगा आप शांतिपूर्वक ताजिया निकालें और किसी भी प्रकार का उपद्रव ना करें और सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ सामाजिक सद्भावना बिगड़ने वाली पोस्ट ना करें सामाजिक का माहौल शांति व्यवस्था और जो बिगड़ने की कोशिश करेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी इस अवसर पर थाना प्रभारी ने सभी नगर वासियों से भाईचारे के साथ रहने की अपील की और कहा कि आपके लिए पुलिस के दरवाजे आपके लिए सदैव खुले हे आपके आसपास कोई गुंडा बदमाश छुपा बैठा है या अवैध शराब विच रही है तो तत्काल मुझे सूचना दें मैं आप का नाम गुप्त रखूंगा क्षेत्र में अपराधियों को पनपने नहीं दिया जाएगा आप पुलिस का सहयोग करें हम आपके साथ हैं इस अवसर पर बैठक में क्षेत्र की गणमन नागरिक एवं पत्रकार बंधु एवं मालनपुर थाने की समस्त टीम के साथ मौजूद रहे जिसमें डॉक्टर परमाल सिंह तोमर, वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह कुशवाह, लालजीसिंह भदोरिया देवेंद्र शर्मा, बृजेंद्र पाल बंसल, फरियाद शाह, शहजाद खान, चुन्नाशाह, अहमद अली, नौशाद खान, एवं एक दर्जन से ज्यादा गणमन नागरिक उपस्थित रहे

# भागवत कथा के छठे दिन कृष्ण रासलीला का प्रसंग सुन कृष्ण भक्ति में डूबे श्रोता



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** चित्रकूट धाम में स्थित दंदरौआ आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन की कथा प्रारंभ करते हुए कथावक्ता सुरेश शास्त्री ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया उसे ही परास्त होना प?ा है रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है गोपी गीत पर बोलते हुए व्यासगद्दी से सुरेश शास्त्री ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाता है लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है। श्रीकृष्ण भगवान व रुक्मणि के अतिरिक्त अन्य विवाहों का भी वर्णन किया गया। कथा आयोजक मेहगांव के लाखाराम मुदगल ने आरती पूजन कर शास्त्री जी का माल्यार्पण किया।इस अवसर पर कांग्रेस प्रवक्ता डा.अनिल भारद्वाज, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश मिश्रा उपस्थित रहे।

# सतना कोलगवा पुलिस ने 3 स्थाई वारण्टी को किया गिरफ्तार

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**सतना**

श्री आशुतोष गुप्ता( भापुसे) पुलिस अधीक्षक महोदय, सतना के कुशल निर्देशन एवं श्री महेन्द्र सिंह चौहान सीएसपी सतना के मार्गदर्शन पर मिली कामयाबी माननीय विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम की न्यायालय से जारी 01. प्रकरण क्रमांक 225/22 धारा 135 वि.अधि. के आऱोपी - लल्लू प्रजापति पिता शारदा प्रजापति निवासी निर्भया कान्वेन्ट स्कूल के पास बाबूपुर 02. प्रकरण क्रमांक ङ्क 226/22 धारा 135 वि.अधि. के आरोपी छविलाल प्रजापति पिता छोटेलाल प्रजापति निवासी नई बस्ती कान्वेन्ट स्कूल के पास बाबूपुर थाना कोलगंवा जिला सतना 03. प्रकरण क्रं. 518/17 धारा 135 वि.अधि. के आरोपी रामरहल सतनामी पिता देवमणि सतनामी निवासी बारीखुर्द माडल हाउस थाना कोलगंवा जिला सतना म.प्र. को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं ।

**गिरफ्तार आरोपियो का विवरण**-01 - लल्लू प्रजापति पिता शारदा प्रजापति निवासी निर्भया कान्वेन्ट स्कूल के पास बाबूपुर
02 - छविलाल प्रजापति पिता छोटेलाल प्रजापति निवासी नई बस्ती कान्वेन्ट स्कूल के पास बाबूपुर थाना कोलगंवा जिला सतना
03 - रामरहल सतनामी पिता देवमणि सतनामी निवासी बारीखुर्द माडल हाउस थाना कोलगंवा जिला सतना म.प्र
?सराहनीय भूमिका- निरीक्षक सुदीप सोनी थाना प्रभारी कोलगवां, उनि रामाअवतार पटेल चौकी प्रभारी बाबूपुर, प्रआर अभिषेक पाण्डेय,बेद प्रकाश,अमर सिंह, विनोद मिश्रा आऱ महेन्द्र सिंह, विजय बादल सैनिक चन्द्रभान, मुन्ना लाल, व रामकिशन की सराहनीय भूमिका रही है।

# गैबिनाथ धाम बिरसिंहपुर में दूरदराज से आए श्रद्धालुओं के लिए गैबी नाथ सेवा मंडल की तरफ से लगातार हो रहा भंडारा




**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**बिरसिंहपुर सतना**

सतना पुरुषोत्तम मास के पावन पर्व पर दीपक त्रिपाठी जी के द्वारा निरंतर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दूरदराज से आए हुए श्रद्धालुओं हो विध पूर्ण प्रसाद ग्रहण कराया जाता है जिसका संपूर्ण सहयोग गैबीनाथसेवा मंडल की स्वयंसेवक सेवाएं देते हैं एवं संपूर्ण मंदिर में सहयोग प्रदान करते हैं गैबी नाथ सेवा मंडल के 40स्वयंसेवक सेवा में तैनात रहते हैं गैवी नाथ सेवा मंडल के अध्यक्ष श्री मुकेश नामदेव जी का कहना है कि 15 वर्ष से लगातार निस्वार्थसेवाएं देते हैं और तालाब की सी सीढियो की सफाई एवं किसी यात्रियों को नुकसान ना हो निरंतर देखभाल में लगे रहते हैं


# कार्यालय नगर परिषद मालनपुर जिला भिण्ड (म. प्र. )

mail id - cmomalanpur@mpurban.gov.in

क्रमांक / ई-टेण्डर / निर्माण / 2023/503 मालनपुर, दिनांक 01/07/2023

## // निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023-UAD-288801-1 | वार्ड क्रं. 08 में भी आशाराम के मकान से पुलिया तक सी. सी. माला निर्माण कार्य। | 1.03 माह 2.13.76 लाख | 1.2000/- 2. 20325/- | 03.06.2023 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https: www.mptenders.gov.in की बेबसाईड पर ही किया जावेगा. प्रथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

श्रीमती रायश्री मुकेश किरार
अध्यक्ष
नगर परिषद मालनपुर भिण्ड

श्री मनोज कुमार शर्मा
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मालनपुर मिण्ड

# अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ पेंशनरो के लंवित डी आर और आयुष्मान योजना का लाभ पेंशनरो को मिले की मांग शासन, पृशासन से सतत चर्चा के माध्यम से कर रहा है

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर।** दिनांक 25/7/23 कोपेंशनर महासंघ जिला ग्वालियर के मंत्री के सी शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पेंशनर महासंघ के संरक्षक एवं पृांतीय पदाधिकारी पेशनरो की जायज मांगो जिनमे डी आर जो 33पृतिशतमिल रहा है इसे 42पृतिशत पृदेश के कर्मचारियो की भांति बड़ाया जाए।पेंशनरो का डी आर मध्यपृदेश और छत्तीस गढ सरकार सहमति न होने से लंवित रखकर पेंशनरो का शोषण कर रही है।इसी तरह बुजुर्ग पेंशनरो को बीमारी में इलाज के लिए



आयुष्मान योजना का लाभ नही मिल रहा

है।महासंघ ने माननीय मुख्य मंत्री मध्यपृदेश शासन को ग्वालियर पृवास के दौरान मांग पत्र ज्ञापन देकर चर्चा में माननीय मुख्य मंत्री जी का ध्यान आकर्षित किया व पृतिनिधि मंडल को चर्चा हेतु समय देने का आग्रह किया।इसी क्रम में पृातीय पृतिनिधि मंडल पृदेश संरक्षक श्री बसंत पुरोहित के नेतृत्व में माननीय मुख्य मंत्री जी के ओ एस डी श्री महीप तेजस्वी जी से दिनांक 24/7/23को मंत्रालय में मिला।पृतिनिधि मंडल में कार्यकारी पृदेश अध्क्ष श्री खुर्शीद जी पृांतीय अध्यक्ष श्री शर्मा जी महामंत्री एवं पृदेश संगठन मंत्री तथा विशिष्ट पदाधिकारी सामिल हुए।पृति निधि मंडल ने माननीय मुख्य मंत्री जी के पृमुख सचिव श्री मनीष रस्तोगी जी से चर्चा की।पृति निधि मंडल ने वित्त विभाग के अधिकारियो से पेंशनरो की लंवित मांगों के निराकरण किये जाने हेतु चर्चा की।माननीय मुख्य मंत्री जी पृतिनिधि मंडल 1/8/23को भोपाल चर्चा हो इस हेतु पृतिनिधि मंडल भोपाल जाएगा।समक्ष में जायज मांगो को मानने हेतु पृयास करेगा।इस पृकार पेंशनर महासंघ मांगो के निराकरण हेतु पृयास रत है।पेशनरो में रोष व्याप्त है।

# पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2023 का आयोजन 27 जुलाई को शा.उ.उ.मा.वि.क्र 1 में

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (डीएटीसीसी) एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग एवं समन्वय से जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार 27 जुलाई 2023 को शा.उ.उ.मा.वि.क्र एक भिण्ड में किया जाएगा।कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस के निर्देशन में पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। एडीएम जयप्रकाश सैयाम व जिला शिक्षा अधिकारी हरिभुवन सिंह तोमर द्वारा आयोजन संबंधी सभी व्यवस्थाओं के आदेश जारी किए जा चुके हैं। इस प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थी प्रदेश के समृद्धिशाली इतिहास, गौरवशाली परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहरों, सांस्कृतिक विविधताओं, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों और पर्यटन और संस्कृति के महत्व की संभावना आदि से छात्रों को अवगत कराया जा सकेगा। प्रतियोगिता आयोजन के प्रभारी प्रबल श्रीवास्तव ने बताया पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में किया जाएगा। जिसकी पूर्ण तैयारी की जा चुकी है।क्विज मास्टर सत्यवान सिंह भदौरिया एडीपीसी द्वारा बताया गया कि पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन प्रथम चरण में लिखित प्रश्नोत्तरी और द्वितीय चरण में ऑडियो विजुअल के द्वारा संचालित की जाएगी। विजेता प्रतिभागियों को मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 3 दिन दो रात एवं 2 दिन एक रात प्रदेश के किसी भी पर्यटन स्थल में घूमने का अवसर मिलेगा इसके अलावा सभी को बोर्ड द्वारा प्रदत्त मेडल एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा तथा घूमने के लिए कूपन प्रदान किए जाएंगे।

# शहर में दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह को सतना कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार, चोरी की गई पन्द्रह दो पहिया वाहनों का हुआ खुलासा

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**सतना**

पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आशुतोष गुप्ता, एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री महेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक भूपेन्द्रमणि पाण्डेय के नेतृत्व में की गई कार्यवाही सतना शहर मे हो रही लगातार दो पहिया वाहनों की चोरी को लेकर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सतना द्वारा गंभीरता से लेते हुए चोरों को पकडने हेतु निर्देशित करने पर श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक महोदय सतना के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक भूपेन्द्रमणि पाण्डेय के द्वारा एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम के द्वारा चोरी गए दो पहिया वाहनों की पता तलाश के हर संभव प्रयास किए गए । पता तलाश हेतु मुखबिर मामूर किए गए । सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज देखी गई। इसी बीच विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक संदेही शिवम भट्टाचार्य चोरी की मोटर सायकल लेकर बेचने की फिराक में मुख्त्यारगंज मलेरिया आफिस के पास घूम रहा है । पुलिस द्वारा बिना समय गंवाए तत्काल मुखबिर के बताए हुए स्थान पर जाकर घेराबंदी कर उसी हुलिया के संदेही को हिरासत मे लिया जाकर पूछताछ की गई। जिसका नाम पता पूछने पर अपना नाम शिवम भट्टाचार्य निवासी मुख्त्यारगंज सतना का होना बताया । हिकमत अमली से पूछताछ करने पर अपने साथी अमित पाठक के साथ शहर मे घूम घूम कर दो पहिया वाहनों को चोरी करना स्वीकार किया तथा अलग-अलग जगहों पर छुपाकर रखना बताया। दोनों आरोपियों के निशानदेही पर कुल तीन दो पहिया वाहन जप्त किए गए हैं, तथा 03 नग दो पहिया वाहनों को चोरी कर ले जा रहे थे जिसका पेट्रोल खत्म हो जाने पर रास्ते मे ही छोडकर चले गए थे, जिनको कोतवाली पुलिस द्वारा पूर्व मे ही बरामद कर लिया गया था तथा विधिवत कार्यवाही करते हुए फरियादी को सुपुर्द कर दिया गया था। जो छः दो पहिया वाहनों का पूर्व से थाना सिटी कोतवाली सतना मे चोरी का अपराध पंजीबद्ध किया गया था। आरोपियों के विरुद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । माननीय न्यायालय द्वारा आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की गई जो पूछताछ के दौरान कुल पन्द्रह गाडियों को चोरी करना बताए हैं तथा समय के अभाव मे आरोपियों के कब्जे से कुल छः गाडियों की जप्ती की गई है तथा शेष गाडियों के संबंध में पुलिस रिमांड लेकर विधिवत कार्यवाही की जाएगी ।

*जप्त सामग्री 01- MP19 MC8962- अप.क्र. 504/2023 धारा 379 भादवि
02MP19MJ8502- अप क्र 516/23 धारा 379 भादवि
03- MP19MX2695- अप क्र 267/23 धारा 379 भादवि
04- MP19MX9599- 308/23 धारा 379 ताहि (पूर्व मे ही फरियादी को सुपुर्द की जा चुकी है)
05-MP19MB{175- अप क्र 507/23 धारा 379 भादवि (पूर्व मे ही फरियादी को सुपुर्द की जा चुकी है)
06-MPv|MLz674-अप क्र 163/23 धारा 379 भादवि (पूर्व मे ही फरियादी को सुपुर्द की जा चुकी है)

**गिरफ्तार आरोपी का विवरण-** 01-अमित पाठक पिता देशनारायण पाठक उम्र 25 वर्ष निवासी राजापुर थाना नागौद हाल- अर्जुन नगर पतेरी थाना सिविल लाईन जिला सतना
02-शिवम भट्टाचार्य पिता अरुण कुमार उर्फ अनिल भट्टाचार्य उम्र 18 वर्ष निवासी मुख्त्यारगंज सतना थाना सिटी कोतवाली जिला सतना

# पंजाबी प्रतिभा सम्मान एवं पंजाबी महा सम्मेलन बंधन वाटिका में 29 जुलाई को



पंजाबी परिषद संभाग एवं पंजाबी सेवा समिति के तत्वाधान में ग्वालियर चंबल संभाग के समस्त 19 बिरादरियों के पंजाबी परिवारों का पंजाबी महासम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह शनिवार दिनांक 29 जुलाई 2023 को बंधन वाटिका में दोपहर 1ः00 बजे से आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमंत महाराज ज्योतिरादित्य सिंधिया जी अध्यक्षता सुश्री नेहा बग्गा जी एवं विशिष्ट अतिथि श्री चरणजीत नागपाल जी एवं संयोजक हिमांशु खत्री होंगे कार्यक्रम में समस्त चंबल संभाग के उन सभी पंजाबी बच्चों को जिन्होंने 10ह्लद्ध और 12ह्लद्ध क्लास में 75त्न या इससे ऊपर अंक हासिल किए सम्मानित किया जाएगा उक्त कार्यक्रम को लेकर आज एक संयुक्त बैठक जिसमें मोहनलाल अरोरा, कन्हैयालाल आनंद, जगदीश अरोरा, सतपाल बत्रा, तिलक राज बेरी, प्रवीण नागपाल केके सूरी डबरा ,हरिओम नागपाल, अजय सपरा , अजय बत्रा ,मनोज जुनेजा, प्रमोद पाहवा ,भरत कथूरिया, अविनाश ग्रोवर डबरा ,जगन्नाथ पाहवा, जयेंद्रपाल खुराना ,नरेश तलूजा ,नरेंद्र बत्रा ,अश्वनी जुनेजा, बलदेव खुराना प्रवीण घई ,राजकुमार अरोड़ा हिमांशु खत्री शिल्पा खत्री मीडिया प्रभारी राजू पंडित सहित पंजाबी सेवा समिति एवं पंजाबी परिषद चंबल संभाग एवं सभी बिरादरी उपस्थित थे

# सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ अवैध कॉलोनियों को वैध किया है :कुशवाह

**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार ने दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ अवैध कॉलोनियों को वैध करने का सफलतम एवं क्रांतिकारी काम किया है, इससे पिछड़ी बस्तियों के विकास के नए दरवाजे खुले हैं। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कही। मंत्री कुशवाह वार्ड-61 व 62 के अंतर्गत बालाजीपुरम बीपी सिटी व शंकरपुरी में विद्युतीकरण कार्यों का शुभारंभ एवं लोकार्पण करने पहुँचे थे। राज्य मंत्री कुशवाह ने मंगलवार को इन बस्तियों में लगभग 95 लाख रूपए लागत के विद्युतीकरण कार्यों का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया। इनमें बालाजीपुरम में लगभग 36 लाख, बीपी सिटी में लगभग 42 लाख और शंकरपुरी में लगभग 17 लाख रूपए लागत के विद्युतीकरण कार्य शामिल हैं। विद्युतीकरण कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री कुशवाह ने कहा कि वार्ड-61 व 62 की बस्तियों को अमृत-2 में शामिल कर लिया गया है। इससे इस क्षेत्र की बस्तियों में शहर की पॉश कॉलोनियों की तरह पेयजल व सीवर लाईनें बिछेंगीं। इसके साथ-साथ



सरकार की अन्य योजनाओं के तहत यहाँ की सभी गलियों में सीमेंट कंक्रीट युक्त पक्की सडकें बनवाई जायेंगीं। उन्होंने कहा शहर के नए वार्डों की बस्तियों में सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। राज्य मंत्री कुशवाह ने यह भी कहा कि सरकार ने मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना का विस्तार किया है। अब 21 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं और जिनके परिवारों में ट्रैक्टर हैं उन्हें भी इस योजना से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने अपील की कि नई पात्रता के अनुसार सभी पात्र बहनें अपने पंजीयन अवश्य कराएँ। पंजीयन का काम शुरू हो गया है। इस अवसर पर केशव सिंह गुर्जर, डॉ. राजेन्द्र पाल, भूरे सिंह बघेल, नरेन्द्र किरार, श्रीमती पुष्पा व श्रीमती शीला पाराशर सहितग णमान्य नागरिक मौजूद थे।

# एक अगस्त को प्रवेश करेगी संत रविदास समरसता यात्रा



**ग्वालियर।** संत सिरोमणि सदगुरू रविदास जी महाराज की समरसता यात्रा एक अगस्त को विकासखंड भितरवार से ग्वालियर जिले में प्रवेश करेगी। यह यात्रा जिले के डबरा व भितरवार विकासखंड के विभिन्न ग्रामों से होते हुए 3 अगस्त को मोहना पहुँचेगी। यहाँ से 4 अगस्त को यह समरसता यात्रा शिवपुरी जिले में प्रवेश करेगी। इस यात्रा के माध्यम से प्रदेश भर में संत रविदास जी के सामाजिक समरसता के संदेश को जन ङ्क जन तक पहुँचाया जा रहा है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने जिले में सुव्यवस्थित ढंग से समरसता यात्रा के आयोजन के लिये अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार को नोडल अधिकारी और सहायक आयुक्त जनजाति कल्याण एच बी शर्मा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही जिले के सभी संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक एवं उच्च शिक्षा विभाग के अग्रणी प्राचार्य को भी यात्रा से संबंधित व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी है। जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक व विकासखंड समन्वयकों को जिले में समरसता यात्रा के संयोजक व संचालन का दायित्व सौंपा गया है।

# केन्द्रीय जेल में विधिक जागरूकता शिविर एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**ग्वालियर** ।प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ग्वालियर पी सी गुप्ता के निर्देशन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गालिब रसूल के मार्गदर्शन में मंगलवार को केन्द्रीय जेल में विधिक जागरूकता शिविर एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया विधिक साक्षरता शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा द्वारा बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता व प्ली-बार्गेनिंग (सौदा-अभिवाक)



सहित बंदियों को प्राप्त अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन सहायक जेल अधीक्षक विपिन दण्डौतिया ने किया। इस अवसर पर केन्द्रीय जेल अधीक्षक विदित सिरवैया, जिला विधिक सहायता अधिकारी दीपक शर्मा, सहायक जेल अधीक्षक विपिन दण्डौतिया व सहायक जेल अधीक्षक नीरज यादव सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने फलदार पौधे रोपे। विधिक साक्षरता शिविर एवं पौधरोपण कार्यक्रम में आई टी एम यूनिवर्सिटी के विधि संकाय के छात्र- छात्राओं मुस्कान पटेल, दिव्यांशी गौतम, गौरी शर्मा, अनामिका शर्मा, विषय कुशवाह, अनस खान, उत्कर्ष सागर आदि ने भी सहभागिता की।

# पेंशन धारी अपना आधार कार्ड समग्र आईडी से लिंक कराए: जौहरी



**ग्वालियर ।** शहर जिला कांग्रेस विकलांग कल्याण प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं वरिष्ठ समाजसेवी अनूप जौहरी ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन सशक्तिकरण संचालनालय मय प्रय भोपाल के पत्र क्रमांक - सह/4/2023/24/1462/ 1462/ भोपाल दिनांक -17-62023 के क्रम मे समस्त पेंशन हितग्राहियों को समग्र पोर्टल पर अपना आधार ई- के वाईसी कराए जाने के आदेश अनुसार ग्वालियर सीमा अन्तर्गत निवास करने वाले पेंशन हितग्राही जिन्हें 600 रुपये माह पेंशन प्राप्त हो रही है जिनमें विकलांग, वृद्ध, विधवा एवं परित्यागता निराश्रित अगर आगे भविष्य में अपनी सामाजिक सुरक्षा पेंशन विधिवत हर माह चालू रखना चाहते हैं और भविष्य में पेंशन बंद होने की स्थिति में होने वाली परेशानियों से बचना चाहते हैं जिन्होंने अभी तक अपने आधार की समग्र पोर्टल पर ई केवाईसी नहीं कराई है और अपने मोबाइल नंबर को आधार से लिंक नहीं कराया है वह शीघ्र 10 अगस्त तक आधार केन्द्र पर जाकर अपना मोबाइल नम्बर आधार में लिंक कराए और आधार समग्र पोर्टल पर ई-केवाईसी इन स्थानों में से किसी भी एक जगह जाकर शीघ्र कराएं।

## सूचना

मैं मदुसूदन पाठक पुत्र श्रीनिवास पाठक निवासी ग्राम उटीला मुरार ग्वालियर का निवासी हू मेरे आधार कार्ड में महेंद्र पाठक के नाम से गलत बन गया था अतः उसे में अब मदुसूदन पाठक के नाम से बनवाना चाहता हू अगर किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तों नीचे दिए गए नम्बर पर हमें सम्पर्क कर सकता है।

मदुसूदन पाठक
संपर्क-9340283578

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने ओर प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478